रोहतक

बुधवार, 17 अप्रैल 2024

चैत्र मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 28, अंक : 80

पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम

अधि. 36.0

न्यून. 20.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


रामनवमी की मंगलकामनाएं



संकल्प पत्र डाउनलोड करने हेतु QR Code को स्कैन करें



# भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी

## संकल्प पत्र - 2024



### गरीब की सेवा

- अगले 5 वर्षों तक मुफ्त राशन जारी रहेगा
- दाल, खाद्य तेलों और सब्जियों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनकर गरीब की थाली को सुरक्षित करेंगे
- हर घर तक नल से पीने का साफ पानी पहुंचेगा और पीएम सूर्य घर योजना से बिजली का बिल होगा जीरो



### किसान का सम्मान

- पीएम किसान सम्मान निधि और फसल बीमा योजना जारी रहेगी
- MSP में समयबद्ध वृद्धि करना हमारी प्रतिबद्धता है, बीज से बाजार तक किसानों की आय बढ़ाएंगे
- श्री-अन्न (Millets) को सुपर फूड की तरह स्थापित करेंगे, पीएम मत्स्य संपदा योजना और डेयरी सहकारी समितियों का विस्तार करेंगे



### नारी-शक्ति का वंदन

- 3 करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे
- गृहिणी की रसोई तक पाइप से गैस पहुंचाएंगे, कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल और शिशुगृह की सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे
- स्वयं सहायता समूहों को सर्विस सेक्टर से जोड़कर आय के नए अवसर उपलब्ध कराएंगे
- नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू कर लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेंगे



### मध्यम वर्ग के साथ

- मध्यम वर्गीय परिवार के अपने घर का सपना होगा पूरा
- अस्पतालों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं सेकेंडरी स्वास्थ्य संस्थानों में सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे
- स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, नए शिक्षण संस्थान और जीवन आसान बनाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार करेंगे



### निवेश से युवाओं को रोजगार के अवसर

- युवाओं के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर, निवेश, मैन्युफैक्चरिंग, हाई-वैल्यू सर्विसेज, स्टार्टअप, पर्यटन और खेल के माध्यम से लाखों रोजगार के अवसर पैदा करेंगे
- रोजगार-स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण की राशि को दोगुनी कर ₹20 लाख करेंगे
- पेपर लीक कानून लागू करके सरकारी भर्तियों को पारदर्शी बनाएंगे, उच्च शिक्षा के नए संस्थानों की स्थापना करेंगे



### सुशासन से समृद्ध भारत

- हम भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की गारंटी देते हैं
- हम भारतीय न्याय संहिता को लागू करेंगे
- हम एक देश - एक चुनाव और कॉमन मतदाता सूची की व्यवस्था लाएंगे
- संविधान के अनुच्छेद 44 के अनुसार समान नागरिक संहिता लागू करेंगे



### श्रमिक को सशक्त

- ट्रक ड्राइवरों के लिए नई योजना शुरू करके हाई-वे पर उनके लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित करेंगे
- गिग वर्कर, घरेलू कामकाजी श्रमिक, रेहड़ी पटरी श्रमिक सहित अन्य श्रमिक वर्ग को ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से सशक्त करेंगे



### मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनेंगे

- भारत को मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाएंगे इससे लाखों रोजगार सृजित होंगे
- स्टील, सीमेंट, एल्युमिनियम, रेलवे, रक्षा, फार्मास्युटिकल, इलेक्ट्रिक व्हीकल, मोबाइल, सेमीकंडक्टर सहित अनेक क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने की गारंटी देते हैं



### वंचित को वरीयता

- पीएम स्वनिधि और विश्वकर्मा योजना का विस्तार कर OBC, SC और ST समुदाय के लिए रोजगार के अवसरों का विस्तार करेंगे
- वंचित वर्ग के मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति सुनिश्चित करेंगे
- मछुआरों के जीवन से जुड़ी हर बात जैसे नाव का बीमा, मछली प्रसंस्करण इकाई, सैटेलाइट द्वारा समय पर जानकारी इत्यादि पर विशेष ध्यान देंगे



### विरासत और विकास

- अयोध्या नगरी का सर्वांगीण विकास करेंगे, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर अन्य धार्मिक स्थलों का विकास करेंगे
- योग, आयुर्वेद, भारतीय भाषाओं, शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विश्वभर में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्रों की स्थापना करेंगे



### इन्फ्रास्ट्रक्चर से सुदृढ़ अर्थव्यवस्था

- भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाएंगे
- एक्सप्रेस-वे नेटवर्क को 15 हजार किमी तक विस्तारित करने के साथ-साथ हम नये एयरपोर्ट, राजमार्ग, वाटर मेट्रो की सुविधाओं को बढ़ाएंगे
- रेलवे में नई पटरियां, नई वन्दे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों को बढ़ायेंगे और विश्वस्तरीय स्टेशन बनायेंगे, रेल टिकटों की वेटिंग लिस्ट को न्यूनतम करेंगे
- पूर्वी भारत और उसके तटीय और पहाड़ी क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक समर्पित पूर्वोदय मास्टर प्लान तैयार करेंगे



### वरिष्ठ नागरिक

- वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत के अंतर्गत शामिल कर नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा देंगे
- वरिष्ठ नागरिकों की तीर्थ यात्रा के लिए विशेष कार्यक्रम शुरू करेंगे

फिर एक बार मोदी सरकार

कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं


Published by: Bharatiya Janata Party, 6 A, Pandit Deen Dayal Upadhyaya Marg, New Delhi

रोहतक

बुधवार, 17 अप्रैल 2024

चैत्र मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 28, अंक : 80

पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 36.0
न्यून. 20.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


रामनवमी की मंगलकामनाएं











## यूपीएससी : सिविल सेवा परीक्षा का परिणाम जारी, पीएम नरेंद्र मोदी ने दी बधाई

# लखनऊ के श्रीवास्तव टॉपर हरियाणा के होनहार भी छाए

- अनिमेष प्रधान दूसरे और अनन्या रेड्डी तीसरे नंबर पर
- कुल 1016 उम्मीदवार हुए सफल
- टॉप 5 रैंक में आने वाले 3 कैंडिडेट्स पहले से ही आईपीएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रोहतक

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षा 2023 का परिणाम जारी कर दिया। इस बार कुल कुल 1,016 अभ्यर्थियों ने (664 पुरुष और 352 महिलाओं) ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। आयोग ने विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए उनके नामों की सिफारिश की है। इनमें से 180 आईएएस और 200 आईपीएस अफसर बनेंगे। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है। अनिमेष प्रधान दूसरी और अनन्या रेड्डी को तीसरी रैंक मिली है। वहीं, हरियाणा के होनहारों ने भी परचम लहराया है। बहादुरगढ़ के शौर्य अरोड़ा 14वें भिवानी में तोशाम के भावेश ख्यालिया ने 46वीं रैंक पाकर आईएएस बनने का सपना पूरा किया है। खरहर गांव के बेटे शिवांश राठी ने भी 63वीं रैंक हासिल की है। सभी उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। इस साल टॉप 5 रैंक में आने वाले 3 कैंडिडेट्स पहले से ही आईपीएस हैं। इनमें आदित्य श्रीवास्तव, पीके सिद्धार्थ रामकुमार और रूहानी हैदराबाद में नेशनल पुलिस एकेडमी में आईपीएस की ट्रेनिंग पूरी कर रहे हैं।



1



2

### टॉप-5 में 3 पुरुष व दो महिलाएं

| नाम | रैंक |
|---|---|
| आदित्य श्रीवास्तव | 1 |
| अनिमेष प्रधान | 2 |
| अनन्या रेड्डी | 3 |
| पीके सिद्धार | 4 |
| रुहानी | 5 |

### 352 महिलाएं चयनित

- सिविल सेवा के लिए कुल 664 पुरुष और 352 महिलाओं का चयन किया गया है। यूपीएससी के मुताबिक अलग-अलग चरणों में आयोजित किए गए इंटरव्यू में कुल 2,800 से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे।
- इस पूरी प्रक्रिया के उपरांत सिविल सर्विस (आईएएस, आईएफएस, आईपीएस व अन्य केंद्रीय पद) पर चयनित हुए उम्मीदवारों के नाम व रोल नंबर उनकी रैंक के हिसाब से जारी किए गए हैं।

## प्रदेश के ये युवा बनेंगे अधिकारी



शौर्य अरोड़ा रैंक : 14, बहादुरगढ़ | भावेश ख्यालिया रैंक : 46, भिवानी | बसंत रैंक : 47, यमुनानगर | शिवांश राठी रैंक : 63, झज्जर | जसवंत मलिक रैंक : 115, पानीपत | कुहू गर्ग रैंक : 178, सोनीपत



कोमल गर्ग रैंक : 221, जींद | जया शर्मा रैंक : 248, भिवानी | गिरीशा चौधरी रैंक : 263, करनाल | एकांश रैंक : 342, पंचकूला | डॉ. प्रगति वर्मा रैंक : 355, रोहतक | प्रतिभा सहारण रैंक : 356, जींद



शुभम सिंगला रैंक : 420, कैथल | मनु भोभरियां रैंक : 434, सिरसा | दीपक यादव रैंक : 518, महेंद्रगढ़ | साहिल ढिल्लों रैंक : 729, जींद

| नाम | रैंक | शहर |
|---|---|---|
| अभिमन्यु मलिक | 60 | सोनीपत |
| आकाशदीप | 166 | सोनीपत |
| सिमरन सिवाच | 218 | महेंद्रगढ़ |
| तरुण पाहवा | 231 | चरखी दादरी |
| मुद्रा रहेजा | 413 | सोनीपत |
| डॉ.विनय | 871 | महेंद्रगढ़ |
| अभिलाष सुंदरम | 421 | बहादुरगढ़ |
| नेहा | 719 | बहादुरगढ़ |
| नीशू त्यागी | 752 | सोनीपत |

## खबर संक्षेप

### सोना 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी भी चमकी



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुझानों को देखते हुए लगातार दूसरे दिन स्थानीय सर्राफा बाजार में बढ़त का सिलसिला जारी रहा। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 700 रुपये बढ़कर 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। इसी तरह चांदी की कीमत 800 रुपये उछलकर 86,500 रुपये प्रति किलोग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। *पेज 4 भी देखें*

### कृष्ण जन्मभूमि मामले में सुनवाई 22 को

**प्रयागराज।** मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में मंगलवार को हिंदू पक्ष ने बहस शुरू की और सुनवाई के बाद अदालत ने अगली तिथि 22 अप्रैल, 2024 तय की। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन द्वारा की जा रही है। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने मंगलवार को कहा कि यह वाद पोषणीय है और पूजा स्थल अधिनियम एवं वक्फ अधिनियम के संबंध में अर्जी पक्षों के साक्ष्यों से ही निर्धारित हो सकती है। भाषा

### जम्मू कश्मीरः झेलम नदी में नाव पलटी, 6 की मौत

**श्रीनगर।** श्रीनगर के बाहरी इलाके में झेलम नदी में एक नाव के पलट जाने से छह लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि नाव में ज्यादातर स्कूली बच्चे थे। यह घटना गंदबल नौगाम इलाके में सुबह करीब आठ बजे हुई और अबतक छह लोगों को नदी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। पिछले कुछ दिनों से लगातार हुई बारिश के कारण झेलम नदी के साथ ही झीलों एवं जलाशयों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। भाषा



**महम।** सीसीटीवी में कैद एक बदमाश व मृतक बल्लू नंबरदार।

## महम में गैंगवार, दो बुजुर्गों की गोली मारकर हत्या

**महम (हरिभूमि न्यूज)।** यहां के भिवानी स्टैंड पर एक तम्बाकू की दुकान के बाहर बैठकर हुक्का पी रहे दो बुजुर्गों पर बदमाशों ने दिनदहाड़े फायरिंग कर दी। एक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे की मौत रोहतक पीजीआई में हुई है। वारदात निंदाना गांव में बदमाशों के दो गुटों के बीच चल रही गैंगवार का नतीजा बताई जा रही है। निंदाना में डीसी और गोधू नाम से दो गैंग हैं। अब तक गैंगवार के चलते 6 लोगों की मौत हो चुकी है। मंगलवार दोपहर को हुई इस वारदात में डीसी गैंग के संदीप धरती के चाचा वजीर सिंह (60 वर्ष) की हत्या की गई है। निंदाना में स्व. ताराचंद के चार बेटे हैं। जिनमें वजीर सिंह चौथे नंबर के थे। इसके 3 भाई गांव में रहते हैं, जबकि वजीर सिंह और उसका भाई शमशेर लोहारू रहते हैं। वजीर के दो लड़के हैं, जिनके नाम अशोक और दीपक हैं। अशोक गैंगवार के चलते हिसार जेल में बंद है। मृतक के परिवार के कुछ युवक डीसी गैंग से संबंधित हैं। वजीर का भतीजा संदीप उर्फ धरती फिलहाल भिवानी जेल में है।

**दुकान के बाहर बैठे हुक्का पी रहे थे दोनों**

**भिवानी स्टैंड पर दिनदहाड़े तम्बाकू की दुकान पर दागीं गोलियां**

**निंदाना गांव में दो गुटों में चल रही रंजिश में हो चुकी 6 हत्याएं**

### गोधू गैंग के दो गुर्गों ने की फायरिंग

गोधू गैंग के दो गुर्गों ने वजीर सिंह पर फायरिंग कर दी, जिसमें वह मौके पर ही ढेर हो गया, जबकि किशनगढ़ गांव के बल्लू नंबरदार (60वर्ष) को भी गर्दन में गोली लग गई। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने दुकानों में लगे कैमरों की डीवीआर अपने कब्जे में ले ली हैं। डीएसपी संदीप कुमार, थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह और सीआईए की टीमें मौके पर पहुंच गई।

## हिसार में चाचा ससुर को चुनौती देंगी नैना

**चंडीगढ़ (भाषा)।** जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने मंगलवार को पांच लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा की तथा पार्टी विधायक नैना सिंह चौटाला को हिसार से चुनाव मैदान में उतारा है। वे यहां अपने चाचा ससुर भाजपा प्रत्याशी रणजीत चौटाला को चुनौती देंगी। पूर्व विधायक रमेश खटक सिरसा, पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह भिवानी-महेंद्रगढ़ से चुनाव मैदान में दंभ भरेंगे। वहीं, 'मशहूर कलाकार (गायक) राहुल यादव फजलीपुरा गुरुग्राम और युवा नेता नलिन हुड्डा फरीदाबाद सीट से चुनाव लड़ेंगे।' नैना जजपा अध्यक्ष अजय चौटाला की पत्नी व पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की मां हैं।



**लोस चुनाव** जजपा ने पांच प्रत्याशियों की सूची जारी की

## करीब 500 साल के बाद आज राममंदिर में मनेगी रामनवमी

**अयोध्या (हरिभूमि न्यूज)।** आज देशभर में रामनवमी मनाई जाएगी। इस बार की रामनवमी बेहद खास है। क्योंकि 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद पहली बार प्रभु श्रीराम के जन्म स्थान अयोध्या में बने भव्य महल में राम नवमी मनाई जाएगी। दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर श्री रामलला का अभिषेक करेंगी सूर्य की किरणें, ये नजारा सिर्फ 5 मिनट तक ही रहेगा। राम नवमी के दिन उत्सव मनाने के लिए राम नगरी को सजाया गया है। प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाने लगा है। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट की ओर से मंदिर की तस्वीरें जारी की गई हैं। वहीं, रामनवमी के दिन रामलला भक्तों को 19 घंटे दर्शन देंगे।

**दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर श्री रामलला का अभिषेक करेंगी सूर्य की किरणें**

## मतदान से पहले छत्तीसगढ़ में एक्शन, 29 नक्सली मारे

**कई घंटे तक चली मुठभेड़, तीन जवान घायल, 25-25 लाख के दो इनामी नक्सली भी मारे गए**

**कांकेर (हरिभूमि न्यूज)।** लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान से पहले छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया। इस घटना में तीन जवान भी घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के छोटेबेठिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीनागुंडा और कोरोनार गांवों के मध्य हापाटोला गांव के जंगल में करीब साढ़े पांच घंटे तक चली भीषण मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया। छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था। दल हापाटोला गांव के जंगल में था तभी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में बड़ी संख्या में बीएसएफ को तैनात किया गया है। बस्तर के डीजीपी सुंदरराज पी ने बताया कि इस क्षेत्र में अभी सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है। चुनाव को सुरक्षित बनाने के लिए यह अभियान चलाया गया है। इस साल अब तक 79 नक्सली मारे गए हैं।

**मौके से हथियार बरामद :** सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से 29 नक्सलियों के शव, एके सीरीज की सात राइफलें और तीन लाइट मशीन गन बरामद किए हैं। मुठभेड़ में बीएसएफ के एक जवान के पैर में गोली लगी है। राज्य के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में तीन जवान घायल हुए हैं और घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया है। घायल जवानों की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है।

### कांकेर सीट पर 26 को मतदान

4 दिन बाद 19 अप्रैल को बस्तर लोकसभा में वोटिंग होनी है। कांकेर लोकसभा में दूसरे चरण में मतदान होना है। इसके लिए नामांकन फॉर्म भी भरे जा चुके हैं। कांकेर में 26 अप्रैल को वोटिंग होगी।

### 25 लाख का इनाम था शंकर व ललिता पर

मारे गए शंकर राव और ललिता माड़वी डीवीसी रैंक के नक्सली लीडर थे। दोनों पर 25-25 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने मौके से 4 ऑटोमेटिक हथियार भी जब्त किए हैं।

**वीवीपैट वेरिफिकेशन मामला** | ईवीएम के खिलाफ बहस के दौरान सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

# जब बैलेट पेपर्स से वोटिंग होती थी तो क्या होता था, हम जानते हैं

**सुप्रीम कोर्ट ने भूषण से पूछा ज्यादातर वोटर्स ईवीएम पर भरोसा नहीं करते, यह डेटा आपको कहां से मिला**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईवीएम के वोटों और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों की 100% क्रॉस-चेकिंग की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मंगवार को बहस हुई। वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने दलील दी कि वीवीपैट की स्लिप बैलट बॉक्स में डाली जाएं। जर्मनी में ऐसा ही होता है। इस पर जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा कि वहां के एग्जाम्पल हमारे यहां नहीं चलते। उन्होंने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि जब बैलेट पेपर्स से वोटिंग होती थी तो क्या होता था हम सब जानते हैं उसे हम नहीं भूले हैं। याचिकाकर्ताओं की तरफ से एडवोकेट प्रशांत भूषण, गोपाल शंकरनारायण और संजय हेगड़े ने पैरवी की। भूषण एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की तरफ से पेश हुए। अब 18 अप्रैल को सुनवाई होगी। भूषण ने कहा, कैसे यूरोपीय देश, जिन्होंने ईवीएम के माध्यम से मतदान का विकल्प चुना था, वापस कागज के मतपत्रों पर लौट आए हैं।

### भूषण बोले-हम मतपत्रों पर फिर जा सकते हैं



प्रशांत भूषण ने कहा कि हम वापस पेपर बैलट्स (मतपत्रों) पर जा सकते हैं। दूसरा विकल्प ये है कि ईवीएम से वोटिंग के दौरान मतदाताओं को हाथ में वीवीपैट की पर्ची देना। ये भी हो सकता है कि स्लिप मशीन में गिर जाए और इसके बाद वोटर के ये स्लिप मिले। इसके बाद इसे बैलट बॉक्स में रखा जाना चाहिए। ये वीवीपैट पर्चियां वोटर के हाथ में दी जानी चाहिए। हालांकि, वीवीपैट का डिजाइन बदल दिया गया, यह पारदर्शी ग्लास होना चाहिए था। प्रशांत ने कोर्ट से कहा कि ज्यादातर मतदाता ईवीएम पर भरोसा नहीं करते। इस पर शीर्ष कोर्ट ने भूषण से पूछा कि यह डेटा आपको कहां से मिला। इसकी जानकारी दें।

### ऐस आया जर्मनी का जिक्र

- जब प्रशांत ने जर्मनी का उदाहरण दिया, तो जस्टिस दीपांकर ने पूछा कि जर्मनी की जनसंख्या कितनी है। प्रशांत भूषण ने जवाब दिया कि यह लगभग 6 करोड़ है, जबकि भारत में 50-60 करोड़ मतदाता हैं।
- जस्टिस खन्ना बोले, देश में रजिस्टर्ड मतदाताओं की संख्या 97 करोड़ है। हम सभी जानते हैं कि जब बैलट पेपर से वोटिंग होती थी तब क्या हुआ था।
- वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने कहा कि ईवीएम पर डाले गए वोटों का वीवीपैट पर्चियों से मिलान हो।
- जस्टिस खन्ना ने कहा, आप कहना चाहते हैं कि 60 करोड़ वीवीपैट पर्चियों की गिनती की जानी चाहिए।
- जस्टिस खन्ना ने कहा, हां, समस्या तब उत्पन्न होती है जब मानवीय हस्तक्षेप होता है, इसी से समस्या बढ़ जाती है। अगर इंसानी दखल नहीं हो तो वोटिंग मशीन सटीक जवाब देगी। अगर आपके पास ईवीएम में छेड़छाड़ रोकने के लिए कोई सुझाव है, तो आप हमें दे सकते हैं।

**बिहार में पीएम बोले, देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को छोड़ेंगे नहीं**

# घुसपैठ खत्म करेंगे और भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान जारी रहेगा

- वोट बैंक की राजनीति के कारण सीमांचल क्षेत्रों में घुसपैठ बढ़ रही
- इससे क्षेत्र में रहने वाले गरीबों और दलितों को नुकसान हुआ

भाषा ▶▶| पूर्णिया/गया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि अगर वह दोबारा सत्ता में आए तो उनकी सरकार घुसपैठ के खिलाफ कार्रवाई करेगी जो वोट बैंक की राजनीति की वजह से फली-फूली। प्रधानमंत्री ने बिहार के सीमांचल के पूर्णिया जिले में एक रैली में यह बयान दिया। उन्होंने कहा, 'देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले सभी तत्व सरकार की नजर में हैं। उन्हें किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जाएगा। चार जून का परिणाम सीमांचल की सुरक्षा को तय करेगा।' पूर्णिया जिले की सीमा नेपाल और बांग्लादेश से लगती है। मोदी ने कहा, 'वोट बैंक की राजनीति के कारण सीमांचल क्षेत्र में घुसपैठ को बढ़ावा मिला, जिससे सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा पैदा हो गया। इस क्षेत्र में रहने वाले दलितों समेत गरीबों को नुकसान हुआ है। कई बार उन पर हमले हुए।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'जो लोग राजनीतिक फायदे के चलते सीएए का विरोध कर रहे हैं, वे यह जान लें, यह मोदी है, जो न डरने वाला है, न ही झुकने वाला है।'



**मोदी न डरने वाला है और न ही झुकने वाला**

### मैं गरीबों का साथी

मोदी ने कहा, 'मैं गरीबों, पिछड़े वर्गों, दलितों का साथी हूं, क्योंकि मैं उन्हीं के बीच से आया हूं। मोदी को यह पद राजेंद्र बाबू और बाबा साहब आंबेदकर का दिया हुआ है, जिन्होंने संविधान का निर्माण किया। यह संविधान न होता तो कभी ऐसे पिछड़े परिवार में पैदा हुआ गरीब का एक बेटा देश का प्रधानमंत्री नहीं बन सकता था।' देश के संविधान को लेकर मोदी की यह टिप्पणी राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के इस आरोप के एक दिन बाद आया है कि भाजपा के नेता खुलेआम संविधान को बदलने की बातें कर रहे हैं, लेकिन पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसको लेकर चुप्पी साधे हुए हैं।




# भाजपा के सामने 2019 तो कांग्रेस के समक्ष 1984 का इतिहास दोहराने की चुनौती

शमशेर सैनी ▶▶| हिसार

लोकसभा चुनाव में पांच साल पहले प्रदेश की सभी 10 सीटों पर विजय हासिल करने वाली भाजपा जहां पूरे उत्साह है, वहीं शून्य पर जा रूकी कांग्रेस में अभी भी जोश की कमी दिखाई दे रही है। प्रदेश में लगभग 40 साल पहले यानि 1984 में 'क्लीन स्वीप' करने वाली कांग्रेस पिछले लोकसभा चुनाव में तो 'बोल्ड' ही हो गई थी। कांग्रेस के कम उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अभी तक वह प्रदेश में किसी भी सीट पर अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर पाई, वहीं भाजपा ने सभी सीटों पर उम्मीदवारों को चुनावी दंगल में उतार दिया है। इस चुनाव में दोनों ही राष्ट्रीय पार्टियों के लिए बड़ी चुनौतियां है। भाजपा के सामने जहां 2019 के चुनाव नतीजों को पुनः दोहराने का प्रयास रहेगा, वहीं कांग्रेस को शिफर से बाहर आकर अच्छे प्रदर्शन की कोशिश रहेगी। कौन कैसा प्रदर्शन करेगा यह तो 4 जून को चुनाव नतीजे ही बताएंगे लेकिन इतना जरूर है कि ताजा राजनीतिक समीकरणों के हिसाब से दोनों ही राष्ट्रीय पार्टियों के लिए चुनौतियों को स्वीकार करना इतना आसान दिखाई नहीं दे रहा है। अन्य दलों के समक्ष भी लोकसभा चुनाव में अपना-अपना रूतबा दिखाने का किसी चुनौती से कम नहीं है।

## 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने प्रदेश की सभी सीटों पर जीत हासिल की थी



*प्रदेश के लोकसभा चुनाव के परिणामों के इतिहास पर नजर दौड़ाई जाए तो 4 दशक पहले वर्ष 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने प्रदेश की सभी सीटों पर जीत हासिल की थी। इसके बाद हुए चुनावों में भाजपा ने अकेले अपने दम पर 2019 में प्रदेश की सभी 10 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में भाजपा-इनेलो गठबंधन ने 'क्लीन स्वीप' किया था। इस चुनाव में पांच सीटें भाजपा और पांच सीटें इनेलो ने जीती थी। वर्ष 1999 और 2019 के चुनाव नतीजों को छोड़ दिया जाए तो लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पूरी तरह से 'हाथ' कभी खाली नहीं रहे हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव में तीन मौके तो कांग्रेस के पास 'क्लीन स्वीप' करने के आए थे लेकिन एक बार भाजपा, एक बार हरियाणा हविपा और एक बार हजकां ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस को ऐसा करने से रोक दिया। इन चुनावों में कांग्रेस ने नौ-नौ सीटें जीते थी।*

### 1996 के लोस चुनाव में भाजपा-हविपा गठबंधन ने 7 सीटें जीती

वर्ष 1984 में कांग्रेस ने सभी दस सीटें जीती। इसके बाद 1989 के लोकसभा चुनाव में जनता दल ने छह और कांग्रेस ने चार सीटों पर जीत हासिल की थी। वर्ष 1991 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नौ सांसद बने और हविपा एक सीट पर जीत हासिल कर सकी। इस चुनाव में भाजपा और हविपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था। इसके बाद 1996 के लोकसभा चुनाव में में भाजपा और हविपा गठबंधन ने सात सीटें जीती, जबकि कांग्रेस के दो और एक निर्दलीय उम्मीदवार विजय रहे। वर्ष 1998 में हरियाणा लोकदल और बसपा का गठबंधन हुआ और पांच सीटों पर विजय पताका फहराई। भाजपा-हविपा गठबधंन को दो और कांग्रेस को तीन सीटें प्राप्त हुई। वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और इनेलो का गठबंधन हुआ। इस चुनाव में भाजपा-इनेलो गठबंधन ने सभी दस सीटों को जीतते हुए कांग्रेस का सफाया कर दिया।

### भाजपा ने 2019 के चुनाव में 'क्लीन स्वीप' कर दिया

2009 में हुए लोस चुनाव में भाजपा और हजकां ने मिलकर लड़ा। इस चुनाव में कांग्रेस 'क्लीन स्वीप' के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन हिसार लोकसभा सीट से गठबंधन प्रत्याशी के तौर पर हजकां से चुनाव लड़ने वाले पूर्व सीएम भजनलाल ने कांग्रेस के 'क्लीन स्वीप' के अरमान पर पानी फेर दिया। इस चुनाव में भाजपा तो कहीं कमल नहीं खिला सकी। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और हजकां गठबंधन ने मिलकर चुनाव लड़ा। प्रदेश की 7 सीटों पर भाजपा ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 7 सीटों पर कमल खिलाया। दो सीटों पर इनेलो विजयी रही। कांग्रेस एक सीट तक सिमट कर रह गई। भाजपा ने 2019 के चुनाव में बिना गठबंधन के प्रदेश की सभी 10 सीटों पर ताल ठोंकी और भाजपा ने अकेले 'क्लीन स्वीप ' का एक नया इतिहास बना दिया।

---

**पटौदी और बावल राव इंद्रजीत के सुरक्षित गढ़, मेवात में भाजपा को कड़ी चुनौती**

# गुरुग्राम के चारों हलकों पर फोकस इन्हीं पर चुनाव परिणाम का दारोमदार

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

लोकसभा चुनावों को लेकर भले ही कांग्रेस ने अभी तक अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है, लेकिन भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने टिकट फाइनल होने के बाद से ही गुरुग्राम के बड़ी हलकों में प्रचार अभियान पर पूरी ताकत लगाई हुई है। इस सीट पर गुरूग्राम जिले के चार में तीन बड़े हलकों की ही चुनाव परिणाम में बड़ी भूमिका रहती है। बावल और पटौदी राव के पुराने गढ़ माने जाते हैं, जबकि मेवात के तीनों हलके भाजपा और राव की सबसे कमजोर कड़ी हैं।

गुरुग्राम में हलका गुरुग्राम और बादशाहपुर में मतदाताओं की संख्या अन्य हलकों की तुलना में काफी ज्यादा है। गत लोकसभा चुनावों में राव को बादशाहपुर में सर्वाधिक 1.43 लाख मतों से जीत हासिल हुई थी, जबकि गुरुग्राम में भी उनकी जीत का अंतर 1.23 लाख मतों से ज्यादा था। राव पटौदी में लगभग 95 हजार मतों से जीत दर्ज कर गए थे, जबकि सोहना में जीत का अंतर सबसे कम 35.86 हजार रहा था। इस समय राव ने गुरुग्राम के बड़े हलकों पर भी ज्यादा जोर दिया हुआ है। इन हलकों में अगर एक बार फिर बड़ी जीत मिलती है, तो इससे राव के लिए लगातार चौथी बार लोकसभा पहुंचने के लिए द्वार खुलने में आसानी हो जाएगी। बावल राव इंद्रजीत सिंह का पुराना गढ़ रहा है। इस हलके में विधानसभा चुनावों में भी राव की बड़ी भूमिका रहती है।



राव इंद्रजीत सिंह जाकिर हुसैन सुनील मुसेपुर अजय पटौदा अनिल रायपुर

### रेवाड़ी में खास समर्थकों को कमान

रेवाड़ी हलके में राव गत लोकसभा चुनावों में 85 हजार से ज्यादा मतों की बढ़त मिली थी। पुस्तैन गढ़ होने के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन गृह क्षेत्र में ही चित्त हो गए थे। बाद में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा की गुटबाजी ने यह सीट खो दी थी। राव ने लोकसभा चुनावों में इस हलके में प्रचार की कमान सुनील मुसेपुर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय पटौदा और अनिल रायपुर को सौंपी हुई है। सुनील मुसेपुर ने प्रचार मैदान में राव के लिए पूरी ताकत झोंकी हुई है। इस हलके में भाजपा की गुटबाजी एक बार फिर सामने आ सकती है।

### मेवात में बदलाव की बड़ी उम्मीद

नूंह जिले में राव को कांग्रेस में रहते हुए भी मुस्लिम मतदाताओं का साथ नहीं मिला था। भाजपा में आने के बाद उनका वोट प्रतिशत और खिसकता चला गया। राव को गत लोकसभा चुनावों में नूंह हलके में 47.86 हजार, फिरोजपुर झिरका में 81.86 हजार और पुन्हाना में 59.61 हजार मतों से करारी हार का सामना करना पड़ा था। जाकिर हुसैन जैसे कद्दावर नेता का साथ और मेवात क्षेत्र के लोगों का इस बार राव के प्रति 'शॉफ्ट कॉर्नर' इस बार भाजपा प्रत्याशी के लिए बड़ा चमत्कार साबित हो सकता है। असली जंग के लिए कांग्रेस प्रत्याशी के मैदान में आने का इंतजार है।

### बावल में डा. बनवारीलाल का प्रभाव

आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए विरोध की राजनीति करने वाले नेताओं ने भी राव पर डोरे डालने शुरू किए हुए हैं। बावल में गत लोकसभा चुनावों में राव को 89993 मतों से जीत मिली थी। इस हलके में कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल का व्यापक प्रभाव होने के कारण राव एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। इस बार 1 लाख मतों से अधिक से राव की जीत सुनिश्चित कराने के लिए डा. बनवारीलाल पूरा प्रयास कर रहे हैं। इस हलके में कांग्रेस के पास फिलहाल कोई चमत्कारी नेता नजर नहीं आ रहा, जो पार्टी प्रत्याशी के लिए अप्रत्याशित परिणाम दिलाने की स्थिति में हो। इस सीट पर कांग्रेस से कैप्टन अजय सिंह यादव को एक बार फिर से मैदान में उतारने की संभावनाओं को बल मिल रहा है।

---

**हिसार लोकसभा सीट पर देवीलाल कुनबे में होगा राजनीतिक घमासान**

# चाचा ससुर के सामने ताल ठोकेंगी देवीलाल की पौत्रवधू नैना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जननायक जनता पार्टी ने हिसार लोकसभा सीट से बाढड़ा विधायक नैना चौटाला को अपना प्रत्याशी बनाया है। नैना चौटाला पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल के पोत्र एवं पूर्व सांसद अजय सिंह चौटाला की धर्मपत्नी तथा पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की मां है। बाढड़ा हलके से पहले नैना चौटाला डबवाली से भी विधायक रहे चुकी हैं। नैना का पैतृक गांव दड़ौली आदमपुर विधानसभा क्षेत्र में आता है। यहां उल्लेखनीय है कि चौधरी देवीलाल के बेटे रणजीत सिंह चौटाला भाजपा की टिकट से पहले ही प्रत्याशी घोषित किए जा चुके हैं। इसके अलावा इनेलो से देवीलाल कुनबे की सुनैना चौटाला के हिसार लोस सीट से प्रत्याशी बनाए जाने की आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। हालांकि वे खुद को प्रत्याशी मानकर हिसार लोकसभा क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क अभियान चलाए हुए हैं। हिसार लोस सीटस की बात की जाए तो यह पहला अवसर होगा, जब देवीलाल परिवार एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे।



रणजीत चौटाला ताऊ देवीलाल नैना चौटाला

### दुष्यंत को छोड़ देवीलाल परिवार को कोई सदस्य हिसार से नहीं जीता

हिसार लोकसभा सीट पर देवीलाल परिवार के सदस्य पहले भी चुनाव लड़ते रहें हैं, लेकिन दुष्यंत चौटाला को छोड़कर यहां के मतदाताओं ने किसी लोकसभा की दहलीज तक नहीं पहुंचाया। वर्ष 1984 में चौधरी देवीलाल के बेटे ओमप्रकाश चौटाला ने लोकदल की टिकट से हिसार लोकसभा सीट से ताल ठोंकी, लेकिन उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी बीरेंद्र सिंह के हाथों हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 1998 में रणजीत कांग्रेस की टिकट से हिसार लोस का चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2011 में चौधरी भजनलाल के निधन के बाद हुए उपचुनाव में इनेलो की टिकट पर चौधरी देवीलाल के पोते अजय चौटाला चुनाव मैदान में उतरे, लेकिन हजकां प्रत्याशी एवं चौधरी भजनलाल के बेटे कुलदीप बिश्नोई से कांटे के मुकाबले में हार गए।

---

## जनसमर्थन से देश में तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार : नायब सिंह सैनी

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को करनाल में आयोजित कई कार्यक्रमों में शिरकत की। सबसे पहले मुख्यमंत्री निर्मल कुटिया पहुंचे। यहां माथा टेका और संतजनों का आशीर्वाद लिया तथा सेवा कार्य किया। इसके बाद सीएम लेडिज इंडस्ट्रीयल होम कुंजपुरा रोड में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। यहां कन्याओं ने फूल भेंट कर सीएम का स्वागत किया। इस कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री रघुनाथ नगर में पहुंचे। कार्यक्रमों के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जहां दुर्गा अष्टमी पर्व की बधाई दी, वहीं लोकसभा चुनाव में अपना एक-एक वोट भाजपा उम्मीदवारों को देने की अपील कर देश में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार चुनने का आह्वान किया। अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि पीएम मोदी ने देश के विकास में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है। 2014 में देश अर्थव्यवस्था की सूची में 11वें स्थान पर था, जो अब पांचवे स्थान पर पहुंच गया है। हरियाणा में जब भी पीएम मोदी ने विकास कार्यों के लिए ग्रांट भेजी, उसमें हरियाणा सरकार ने अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर प्रदेश में विकास कार्य करवाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के घोषणापत्र में जो वादे देश की जनता से किए गए हैं, उन पर सरकार बनते ही काम शुरू कर दिया जाएगा।



## हरियाणा कांग्रेस में हुई महत्वपूर्ण नियुक्तियां कई विभागों के बनाए गए चेयरमैन

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस में चौधरी उदयभान द्वारा महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। कांग्रेस नेता राकेश गर्ग को हरियाणा कांग्रेस के केमिस्ट सेल का चेयरमैन बनाया गया, रिटायर्ड आईएएस चंद्र प्रकाश को दस्तकार और शिल्पकार सेल, डॉक्टर राजेश शर्मा को डॉक्टर सेल, अशोक बुवानीवाला को इंडस्ट्रीज सेल, महावीर मलिक को रिटायर्ड गवर्नमेंट एंप्लॉयज सेल, लखन सिंघला को व्यापार मंडल सेल के चेयरमैन के रूप में नियुक्त किया गया है। चौधरी उदयभान ने नियुक्त किए गए सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि सभी मिलकर पार्टी की मजबूती के लिए काम करेंगे। और सभी लोग लोकसभा और विधानसभा चुनाव की लड़ाई को मजबूती से लड़ेंगे, ताकि हर वर्ग का शोषण कर रही इस सरकार को सत्ता से बाहर किया जा सके। उन्होंने कहा कि हर वर्ग इस सरकार से विमुख हो चुका है और प्रदेश की जनता इस सरकार की असल सच्चाई जान चुकी है, इसलिए प्रदेश में अबकी बार बदलाव पहले से ही तय है और निश्चित तौर पर देश में भी और प्रदेश में भी कांग्रेस की सरकार बनेगी।



नियुक्त पर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा कांग्रेस की मजबूती के लिए करें काम

---

**सख्ती** | मुख्य सचिव ने की सीएमओ में महिला अधिकारी की नियुक्ति

# आचार संहिता और चुनावी मौसम का फायदा उठाने वालों पर पैनी नजर, सीएमओ से लेनी होगी इजाजत

- राज्य के विभिन्न जिलों में आचार संहिता के दौरान लिए जाने वाले एक्शन, तोड़फोड़ निर्माण आदि को लेकर अब पहले पर्मिशन लेनी होगी

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

लोकसभा मिशन-2024 चुनाव और आचार संहिता के दौरान राज्य के विभिन्न जिलों में किसी भी विभाग के अधिकारी अथवा कर्मचारी मनमाने ढ़ंग से काम नहीं कर सकेंगे, क्योंकि इस पर लगाम लगाने के लिए सीएमओ (मुख्यमंत्री ऑफिस) में एक आईएएस अफसर की तैनाती कर दी गई है। अर्थात आचार संहिता के दौरान मनमाने ढंग, नियमों के विपरीत कोई तोड़फोड़ की कार्रवाई और निर्माण आदि नहीं हो सकेगा। भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि अक्सर आचार संहिता के दौरान राज्य के विभिन्न जिलों और शहरों में अधिकारियों, कर्मियों द्वारा मनमाने ढंग से कार्रवाई करने की शिकायत आती हैं। अर्थात अवैध निर्माण व कब्जे करने की, अतिक्रमण हटाने के नाम पर पिक एंड चूज की पॉलिसी अपनाए जाने के मामले सामने आते हैं। इसके अलावा बदले की भावना से भी इस दौरान कार्रवाई कर दी जाती है, क्योंकि इस वक्त राजनीतिक हस्तक्षेप बेहद ही कम होता है।

### आईएएस डॉ. प्रियंका सोनी की नियुक्ति

सूत्रों का कहना है कि सरकार के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने इस क्रम में आईएएस अधिकारी डा. प्रियंका सोनी की नियुक्ति कर दी है। किसी भी जिले में कोई भी कार्रवाई करने अथवा फैसला लेने से पहले सीएमओ से अनुमति लेनी होगी। डाक्टर प्रियंका सोनी सीएमओ में जहां हरियाणा विजिलेंस से जुड़े मामलों को देखने का काम करेंगी, वहीं उनको राज्य के विभिन्न जिलों में आचार संहिता के दौरान लिए जाने वाले एक्शन, तोड़फोड़ निर्माण आदि को लेकर पहले पर्मिशन लेनी होगी, मनमाने ढंग से काम करने वाले अधिकारियों औऱ कर्मियों पर शिकंजा कसे जाने की तैयारी है। यहां पर बता दें कि अब से पहले सीएमओ में बतौर स्पेशल सचिव सरदार प्रभुजोत सिंह विजिलेंस संबंधी मामलों को देख रहे थे। अब उनके पास में विजिलेंस ले लिया गया है, जिसके बाद में इसे डा. प्रियंका सोनी को दिया गया है।

### एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश

वैसे, भी सूबे की नायब सैनी सरकार द्वारा लोकसभा मिशन 2024 को सफल बनाने के लिए भी इस तरह का फैसला लिया है, ताकि कोई भी अधिकारी इस दौरान जनविरोधी कार्रवाई ना कर सके। अथवा आम लोगों में किसी इस तरह के फैसले से जनाक्रोश नहीं फैले, क्योंकि पहले जहां मई जून तक लोकसभा चुनावी प्रक्रिया, मतदान, परिणाम आने का सिलसिला चलेगा। वहीं, दूसरी तरफ लोकसभा चुनावों का परिणाम आने के बाद में कुछ वक्त के लिए आचार संहिता हटेगी और इसके बाद में राज्य के विधानसभा चुनावों की बारी आ जाएगी, जिसको ध्यान में रखकर प्रदेश सरकार फूंक फूंक कर कदम उठा रही है।

---


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 150 दिनांक 13.04.24 धारा 346 IPC थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - रजत कालीरमन उर्फ मोना (बाक्सर)
**पिता/पति का नाम** - पुत्र राय सिंह
**पता** - गली नं. 07 छोटू राम नगर सुखपुरा चौक जिला रोहतक।
**उम्र**- 31 वर्ष
**कद**- 6 फुट 3 ईंच
**हुलिया**- रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, लम्बा पतला शरीर, काले बाल, काली आंखे।
**पहनावा** - लोवर टीशर्ट व पैरों में सैण्डल पहने हुए है।

दिनांक 13.04.24 को रजत कालीरमन उर्फ मोना (बाक्सर) पुत्र राय सिंह निवासी गली न. 07 छोटू राम नगर सुखपुरा चौक जिला रोहतक थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक - 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक-8168948031

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 217 दिनांक 13.04.24 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - आशमीन उर्फ तूरो
**पिता/पति का नाम**- पत्नी जहरुदीन
**पता**- विजय नगर बाग वाली गली जिला रोहतक ।
**उम्र**- 29 वर्ष
**कद**- 5 फुट 1 इंच
**हुलिया**- रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे।
**पहनावा**- हरे रंग का जम्फर, लाल पजामा गलेमें सफेद चुन्नी व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 13.04.24 को आशमीन उर्फ तूरो पत्नी जहरुदीन निवासी विजय नगर बाग वाली गली जिला रोहतक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक 7015911371
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9992412692

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 100 दिनांक 13.04.24 धारा 346 IPC थाना सदर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - दयानन्द उर्फ भोलू
**पिता/पति का नाम** - पुत्र प्रताप सिंह
**पता**- गांव धामड जिला रोहतक।
**उम्र**- 58 वर्ष
**कद**- 5 फुट 8 ईंच
**हुलिया**- रंग सावला, गोल चेहरा, फुर्तिला शरीर, काले बाल काली आंखे ।
**पहनावा** - नहीं पता

दिनांक 13.04.24 को दयानन्द उर्फ भोलू पुत्र प्रताप सिंह निवासी गांव धामड जिला रोहतक थाना सदर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सदर रोहतक 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रोहतक- 9812134756

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 151 दिनांक 14.04.24 धारा 346 IPC थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** -छोटू व लाडो
**पिता/पति का नाम**- पुत्र राजू व पत्नी छोटू
**पता**- राजीव कालोनी जिला रोहतक।
**उम्र**- 20 वर्ष व 19 वर्ष
**कद**- 5 फुट 7 ईंच व 5 फुट 4 इंच
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर, काले बाल, काली आंखे ।
**हुलिया**- रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, लम्बा पतला शरीर, काले बाल, काली आंखे, बाएं हाथ पर दीपक गुदा हुआ पहनावा नीले रंग की शर्ट, लोवर व पैरों में चप्पल पहने हुए है।
**पहनावा**- नीले रंग की साडी छिटदार व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 14.04.24 को छोटू पुत्र राजू व लाडो पत्नी छोटू निवासी राजीव कालोनी रोहतक थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक-9812618130

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 121 दिनांक 13.04.24 धारा 346 IPC थाना सांपला जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - रीना
**पिता/पति का नाम** -
**पता** - गांव कुलताना सांपला जिला रोहतक ।
**उम्र**- 30 वर्ष
**कद**- 5 फुट
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे, ।
**पहनावा** - लाल रंग का सूट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 13.04.24 को रीना निवासी गांव कुलताना सांपला थाना सांपला जिला रोहतक अपनी 2 1/2 साल की लडकी मनीषा को साथ लेकर बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 8168447546

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 124 दिनांक 14.04.24 धारा 346 IPC थाना सांपला जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - सुमित्रा
**पिता/पति का नाम** - पत्नी जय सिंह
**पता**- गांव गांधरा सांपला जिला रोहतक ।
**उम्र**- 55 वर्ष
**कद**- 5 फुट 4 इंच
**हुलिया**- रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, सामान्य शरीर, काले बाल काली आंखे।
**पहनावा** - गुलाबी रंग का सूट चैक वाली सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 14.04.24 को सुमित्रा पत्नी जय सिंह रीना निवासी गांव गांधरा सांपला जिला रोहतक थाना सांपला जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 9812228281

पीआरडीएच-1084/11/2280/2025/26109/88/6 दि. 16.04.24

## नवरात्र पर विशेष



### नवम-सिद्धिदात्री

भगवती दुर्गा का नौवां स्वरूप सिद्धिदात्री कहलाता है। पुराणों के अनुसार सिद्धिदात्री अणिमा, लघिमा प्राप्ति, प्राकाम्य, महिमा, ईशित्व, वाशित्व, सर्वकामावसायिता, सर्वज्ञत्व, दूरश्रवण, परकायाप्रवेश, वाक्‌सिद्धि, कल्पवृक्षत्व, सृष्टि, संहारकरण सामर्थ्य, अमरत्व, सर्वन्यायकत्व, भावना आदि समस्त सिद्धियों की दाता है। देवीपुराण में कहा गया है कि भगवान शिव ने देवी के इसी स्वरूप की आराधना करके समस्त सिद्धियां प्राप्त की थीं और देवी ही की कृपा से उनका आधा शरीर देवी का हो गया था। इसी कारण भगवान शंकर अर्धनारीश्वर कहलाए। सिंह पर सवार चार भुजाओं वाली देवी सिद्धिदात्री की उपासना सिद्धि या मोक्ष प्राप्ति के लिए की जाती है ।सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता की आराधना का मंत्र है

*सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुररमरैरपि।*
*सेव्यमाना सदा भूयात् सिद्धिदा सिद्धिदायिनी॥*

## सीट पर बैठने को लेकर दो यात्रियों में विवाद

# युवक को चलती एक्सप्रेस ट्रेन से दिया धक्का, मौत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर**

■ सह यात्रियों ने आरोपी को दबोच लिया जीआरपी के हवाले किया

माता वैष्णो देवी से गुजरात के हापा जा रही हापा सुपर एक्सप्रेस ट्रेन के सामान्य डिब्बे में सीट पर बैठने को लेकर दो युवकों में झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ गया कि एक युवक ने दूसरे युवक को गन्नौर-राजलूगढ़ी रेलवे स्टेशन के बीच चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। इस हादसे में युवक की मौत हो गई। इसके बाद डिब्बे में सवार यात्रियों ने धक्का देने वाले युवक को दबोच लिया और दिल्ली जीआरपी के हवाले कर दिया। वहीं हादसे की सूचना मिलने के बाद गन्नौर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया और आरोपित को गन्नौर जीआरपी ने दिल्ली जीआरपी चौकी से गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी अनुसार 20 वर्षीय जहीर खान निवासी राठौरा कलां, जिला मुरैना मध्यप्रदेश मजदूरी का काम करता था।

सोमवार को वह हापा सुपर एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल डिब्बे में सवार हो कर अपने साथी अनीस के साथ दिल्ली जा रहा था। इस दौरान जहीर खान का ट्रेन में सवार सुरेंद्र निवासी शाहपुर कंडी, पठानकोट पंजाब के साथ सीट को बैठने को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि गन्नौर-राजलूगढ़ी रेलवे स्टेशन के बीच सुरेंद्र ने जहीर खान को चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। चलती ट्रेन से नीचे गिरने के कारण जहीर खान की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रेन में सवार बाकी यात्रियों ने सुरेंद्र को पकड़ लिया और उसकी धुनाई कर दी। इसके बाद यात्रियों ने उसे दिल्ली जीआरपी के हवाले कर दिया।जीआरपी थाना प्रभारी महाबीर तोमर ने बताया कि पुलिस ने जहीर खान के साथी अनीस के ब्यान पर आरोपित सुरेंद्र के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। आरोपित सुरेंद्र को पुलिस दिल्ली जीआरपी से गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपित को बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा। वहीं जहीर खान का पोस्टमार्टम भी बुधवार को रोहतक पीजीआई में होगा।



गन्नौर। जीआरपी द्वारा गिरफ्तार किया गया आरोपित सुरेंद्र।

### राजकोट जा रहा था सुरेंद्र

जहीर खान की हत्या का आरोपित सुरेंद्र की राजकोट गुजरात में गाड़ी की कमानी की दुकान है। वह ट्रेन में पठानकोट से बैठ कर राजकोट गुजरात के लिए निकला था, लेकिन रास्ते में सीट पर बैठने को लेकर उसका जहीर खान से झगड़ा हो गया और उसने ताव में आ कर जहीर खान को चलती ट्रेन से धक्का दे दिया।

### रोहतक के गांव आसन में युवक की हत्या

■ शराब के ठेके पर हुआ झगड़ा और कर दी हत्या

**रोहतक।** गांव आसन में शराब के ठेके पर बाइक सवार बदमाशों के साथ एक युवक का झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि बदमाशों ने लाठी डंडों के साथ पीट-पीटकर युवक की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। वारदात की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। बाइक सवार बदमाश जब शराब के ठेके पर सामान खरीदने पहुंचे तो दुकानदार ने उन्हें जल्दी सामान खरीदने के लिए कहा। इतनी सी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। झगड़े के बाद बदमाश वहां से चले गए, लेकिन कुछ देर बाद दोबारा लौटे और उनके साथ 6-7 अन्य युवक भी थे, जिनके हाथ में हथियार थे। उन्होंने ठेके पर पहुंचते ही युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी और एक युवक की हत्या कर मौके से फरार हो गए। मृतक की पहचान गांव आसन निवासी करीब 30 वर्षीय रिंकू के रूप में हुई। आईएमटी थाना प्रभारी दिलबाग सिंह ने बताया कि शराब के ठेके के पास युवक की हत्या होने की सूचना मिली। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि मृतक रिंकू शराब के ठेके पर मौजूद था, उसी समय गांव कंसाला के कुछ बदमाश आए और वारदात को अंजाम दिया। बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार है। पुलिस मामले में आरोपियों की तलाश कर रही है। संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

## राज्यपाल से मुलाकात...



**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से हरियाणा राजभवन में दीनबंधु छोटू राम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्विद्यालय सोनीपत के कुलपति प्रो. एसपी सिंह ने शष्टिाचार मुलाकात की तथा विवि की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। *फोटो : हरिभूमि*

## यूपीआई एक्टिवेट करवाने के नाम पर 10.80 लाख की ठगी

**रेवाड़ी।** साइबर ठगों ने यूपीआई एक्टिवेट करने और लिमिट बढ़ाने के नाम पर बैंक खाताधारक को लगभग 10.80 लाख रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। साउथ रेंज साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में लुहाना निवासी धर्मराज ने बताया कि उसका एसबीआई रेवाड़ी की मेन ब्रांच में खाता है। उसके खाता नंबर पर यूपीआई काम नहीं कर रही थी। उसने बैंक के कस्टमर केयर नंबर पर फोन लगाकर यूपीआई एक्टिवेट करने और लिमिट बढ़ाने का अनुरोध किया। फोन बीच में कट गया। उसके तुरंत बाद वापस कॉल आई। उसने समझा की बैंक के नंबर से ही कॉल आई है। उसने कॉल करने वाले से बात करते हुए अपनी समस्या बताई। कॉल करने वाले ने उसे बैंक खाता नंबर व दूसरी डिटेल हासिल कर ली। इसके बाद उससे धोखे से तीन बार में 10,79673 रुपये दूसरे खातों में ट्रांसफर करा लिए। बाद में उसे साइबर ठगी का पता चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### स्पेशल रेलसेवा का संचालन आज से

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से खाटू श्याम श्रद्धालुओं व यात्रियों की सुविधा के लिए रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 09637 रेवाडी-रींगस स्पेशल रेलसेवा 17,18,19, 20, 21, 23, 27 व 28 अप्रैल को रेवाड़ी से सुबह 11:40 बजे रवाना होकर दोपहर 2:40 बजे रींगस पहुंचेगी तथा गाड़ी संख्या 09638 रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा 17,18, 19, 20, 21, 23, 27 व 28 अप्रैल को रींगस से दोपहर बाद 3 बजे रवाना होकर शाम 6:20 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी।

### एसआई व कांस्टेबल भर्ती के लिए अधिसूचना जारी

**नारनौल।** रेलवे भर्ती बोर्ड ने सीधी भर्ती के आधार पर रेलवे सुरक्षा बल में सब इंस्पेक्टर व कांस्टेबल की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। योग्य उम्मीदवार आरआरबी की वेबसाइट पर रेलवे सुरक्षा बल के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन प्रक्रिया 15 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। जिसकी अंतिम तिथि 14 मई है। जानकारी के अनुसार आरपीएफ भर्ती के लिए आयु सीमा कांस्टेबल के लिए 18 से 28 वर्ष व सब इंस्पेक्टर के लिए 20 से 28 वर्ष है। आयु सीमा की गणना के लिए निर्णायक तिथि एक जुलाई है।

### 25 तक अपलोड होंगे 9वीं व 11वीं के अंक

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से सम्बद्धता प्राप्त राजकीय, अराजकीय विद्यालयों, गुरूकुलों, विद्यापीठों द्वारा शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 9वीं व 11 वीं के विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा के अंक 25 अप्रैल तक अपलोड किए जाने हैं।

### नशीले इंजेक्शन सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने अवैध नशा तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अलीम है जो मेवात का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने मोटरसाइकिल सवार आरोपी को अवैध नशे सहित धोज थाना एरिया से काबू किया था। आरोपी के कब्जे से नशे के 11 इंजेक्शन बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी मेवात से नशे के इंजेक्शन लाकर फरीदाबाद में बेचने की फिराक में था जिसे पुलिस ने काबू कर लिया।

## पंचायती राज विभाग की क्लर्क 39 हजार की रिश्वत के साथ गिरफ्तार

■ ठेकेदार से 11 लाख के बकाया बिल पास करने के बदले में मांगी थी रिश्वत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक/सोनीपत**

हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की रोहतक टीम ने जिला सोनीपत के पंचायती राज विभाग में कार्यरत क्लर्क निशा को 39 हजार रुपए की रश्वित लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। आरोपी निशा द्वारा ठेकेदार से 11 लाख रुपये का बकाया बिल पास करने के बदले में 39000 रुपये की रश्वित की मांग की जा रही थी जिसे लेते हुए एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। यह पूरी कार्रवाई गवाहों के समक्ष पूरी पारदर्शिता बरतते हुए की गई। मामले में आरोपी के खिलाफ रोहतक के एंटी करप्शन ब्यूरो पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करते हुए उसकी गिरफ्तारी की गई है। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम द्वारा सभी आवश्यक सबूत जुटाते हुए मामले की जांच की जा रही है। ब्यूरो के प्रवक्ता ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी सरकारी काम करने की एवज में रश्वित की मांग करता है तो तुरंत इसकी जानकारी हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो के टोल फ्री नंबर - 1800-180-2022 तथा 1064 पर देना सुनश्चिति करें।

## जिम्मेदारी से भाग रहे मुख्यमंत्री : दुष्यंत

**चंडीगढ़।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि मौजूदा हरियाणा सरकार की किसानों के प्रति सोच पॉजिटिव नहीं है। आज मंडियों में किसानों की हालत सबके सामने है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सरसों में नमी के नाम पर 300 तक किसानों के काटे जा रहे है। उन्होंने कहा कि बहुत सारे खरीद केंद्रों पर अब तक गेहूं की खरीद शुरू नहीं होने से किसान परेशान है। गेहूं का उठान नहीं होने के कारण मंडियों में फसल बेचने के लिए किसानों की लाइनें लगी हुई है। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल के समय की गांव भैंसवाल की मंडी को भी बंद कर दिया गया है, इन सब हालातों के बीच गेहूं खरीद पर मुख्यमंत्री नायब सैनी चुप हैं, केवल अधिकारी बयान देकर लीपापोती ही कर रहे हैं।

## सरकार की लापरवाही और अनदेखी से मंडियों में किसान परेशान : सैलजा

■ मंडियों में फसलों का उठान न होने से किसानों की नींद उड़ी

■ कई जिलों में बरसात से भी फसल खराब हुई

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, हरियाणा कांग्रेस पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य सैलजा ने कहा कि स्वयं को किसान हितेषी होने का दावा करने वाली प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों की सबसे बड़ी दुश्मन बनी हुई है। किसानों की अनदेखी के चलते वह बर्बादी के कगार पर है। प्रदेश की मंडियों में अनाज बिखरा पड़ा है, और बारिश की चेतावनी के बावजूद, भाजपा सरकार अनाज को सुरक्षित रखने का कोई इंतजाम नहीं कर रही है। यह स्थिति किसानों के लिए न सर्फि निराशाजनक है, बल्कि उनकी आजीविका पर भी प्रश्नचन्हि खड़े करती है। प्रदेश सरकार की लापरवाही के कारण, किसानों को अपने अनाज को बर्बाद होते देखना पड़ रहा है। इससे साफ है कि भाजपा केवल और केवल जुमलेबाजों की सरकार है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि एक ओर जहां प्रदेश की मंडियों में गेहूं और सरसों की आवक जोरो पर है वहां उनका उठान धीमा होने के चलते मंडियों में फसलों के ढेर लगे हुए।

मौसम विभाग की चेतावनी के बावजूद सरकार की नींद नहीं खुली और प्रदेश में वोट वोट चल्लिाते हुए घूम रही है। शनिवार को प्रदेश के कुछ जिलों में बरसात होने से मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़ा गेहूं और सरसों भीग गई। इसके बावजूद मंडियों में फसलों के उठान में कोई तेजी नहीं देखी गई। मौसम विभाग से अप्रैल माह में बरसात का अलर्ट जारी किया हुआ है जिसे लेकर किसानों की नींद उड़ी हुई हैं।

## किसानों को नुकसान के लिए सरकार दोषी : अभय

**चंडीगढ़।** इनेलो प्रधान महासचिव अभय चौटाला ने कहा कि पिछले दिनों प्रदेश में हुई बारिश के कारण भीगने से मंडियों में रखी लाखों क्विंटल गेहूं और सरसों की फसल खराब हो गई। फसल भीगने से किसानों को हुए नुकसान के लिए पूर्ण रूप से भाजपा सरकार दोषी है। आज मौसम विभाग तकनीकी तौर पर सक्षम है और बारिश होने की संभावना को कई दिन पहले ही बता देता है।

एक हफ्ता पहले ही मौसम विभाग ने बारिश होने की चेतावनी दे दी थी। उसके बाद भी सरकार सोई रही और मंडियों में गेहूं और सरसों की फसल को भीगने से रोकने के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए। अभी तक भी सरकार द्वारा मंडियों में नियमित खरीद एवं फसल उठान की कोई व्यवस्था नहीं की है।

## क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

■ प्रदेश के सभी निगमों, परिषदों व पालिकाओं के अधिकारियों ने की शिरकत

**गुरूग्राम।** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा गुरूग्राम में मंगलवार को एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में यूएलबी के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता तथा निदेशक डा. यशपाल ने स्वच्छता तथा आरओडब्ल्यू प्रबंधन आदि विषयों पर जानकारी दी। अपने संबोधन में आयुक्त एवं सचिव ने कहा कि स्थानीय निकायों से नागरिकों की अपेक्षाएं अधिक होती हैं तथा सभी लोग गुणवत्तापूर्ण सेवाएं चाहते हैं। हमारा यह दायित्व है कि हम नागरिकों को बेहतर एंबियंस, सफाई व सेवाएं उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम सभी को सफाई अच्छी लगती है, उसी प्रकार हमें शहरवासियों को भी बेहतर सफाई व्यवस्था उपलब्ध करवानी चाहिए। सफाई आदत, कार्यशैली तथा व्यवहार का विषय है। अगर हम सभी को सफाई की आदत होगी, तो हम अपने घर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र का भी ध्यान रखेंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सबसे पहले हम अपने कार्यालयों से सफाई की शुरूआत करें। उन्होंने सिटी सैनीटेशन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए तथा कहा कि अगर योजना बेहतर होगी, तो उसका कार्यान्वयन व निगरानी भी बेहतर रहेगी। जो स्थान सफाई के मामले में बेहतर हैं, वैसी ही व्यवस्था अन्य स्थानों पर लागू करें। वरिष्ठ अधिकारी स्वयं फील्ड में जाएं तथा कर्मचारियों को मोटिवेट करें। इसके साथ ही सभी स्टेक हॉल्डर्स के साथ लगातार संपर्क बनाए रखें और इनफॉर्मल सेक्टर को फॉर्मल में लेकर आएं। उन्होंने कहा कि प्रोसैसिंग की व्यवस्था शहर अपनी जरूरत के अनुसार करें। उन्होंने पर्याप्त योजना, निगरानी तथा सिस्टम बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को एक जन आंदोलन बनाएं तथा उन्हें आशा है कि इस वर्ष हम सभी बेहतर रैंकिंग लाएंगे। नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ ने अपने संबोधन में सभी का स्वागत किया तथा कहा कि स्वच्छता जीवन का मूलमंत्र है और हमारा यह दायित्व भी है कि हम अपने शहर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें।

## 'जुल्म का जवाब वोट से' कैंपेन लॉन्च

■ भाजपा के सभी संकल्प केवल चुनाव तक : डॉ. संदीप पाठक

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| कैथल/चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) और सांसद डॉ. संदीप पाठक ने मंगलवार को कैथल में प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार को घेरा और 'जुल्म का जवाब वोट से' कैंपेन लॉन्च किया। प्रेसवार्ता में उनके साथ लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा और प्रदेश उपाध्यक्ष बलबीर सैनी मौजूद रहे।

डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि हरियाणा और केंद्र में दोनों जगह भाजपा की सरकार है। अब जब फिर से लोकसभा चुनाव के लिए वोट मांगने का समय आया तो ये प्रश्न उठता है कि भाजपा ने हरियाणा की जनता के लिए क्या काम किए? ये जगजाहिर है कि भाजपा सरकार ने हर वर्ग पर जुल्म किए हैं, इसलिए उस जुल्म का जवाब जनता देगी और जुल्म का एक ही जवाब है जो प्रजातंत्र में वोट से दिया जाता है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता कुरुक्षेत्र लोकसभा के एक एक घर में जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसान जब दिल्ली जाते हैं तो उन्हें दिल्ली के बोर्डरों पर ऐसे रोका जाता है जैसे दुश्मन देश हमला कर रहा हो। जबकि वो अन्नदाता है जो हमारे लिए सब कठिनाइयां सहकर अन्न उगाता है। वो किसान जब अपनी मांग लेकर दिल्ली जाता है तो उन पर जो जुल्म भाजपा की सरकार करती है वो जगजाहिर है। भाजपा ने किसानों पर गोलियां चलाई, आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठियां बरसाई। दिल्ली बॉर्डर पर सैकड़ों किसान शहीद हो गए।




कैथल। सभा को संबोधित करते डॉ. संदीप पाठक।

## एमएम यूनिवर्सिटी की छात्रा की संदिग्ध हालात में मौत

■ एमडी की पढ़ाई कर रही थी अमृतसर की निधा नैब

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना**

एमएम यूनिवर्सिटी में एमडी की पढ़ाई कर रही छात्रा की संदिग्ध परस्थिितियों में मौत हो गई। छात्रा रविवार रात अपने हॉस्टल के कमरे में गई। इसके बाद सुबह दरवाजा नहीं खोला।

जब आसपास की छात्राओं को पता चला तो हॉस्टल कर्मचारियों ने दरवाजा तोड़ा और अंदर छात्रा बेहोश हालात में मिली। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित किया। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टॉमार्टम कराया और मामले में सीआरपीसी की धारा 174 की कार्यवाही अमल में लाई गई।

जानकारी अनुसार अमृतसर की निधा नैब एमएम यूनिवर्सिटी में एमडी की पढ़ाई कर रही थी। छात्रा रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे अपने हॉस्टल के कमरे में गई लेकिन सुबह नहीं उठी। जिसके चलते आपसास की छात्राओं ने सुचना हॉस्टल प्रबंधन को दी। हॉस्टल प्रबंधन ने छात्रा के कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो पाया की छात्रा बेहोश हालत में है। उसे एमएम अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसे मृत करार दिया गया। सूचना पाकर मौके पर पंहुची पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया

## आरोपियों से 6 मोबाइल, टीवी व रजिस्टर बरामद

# आईपीएल पर सट्टा लगवाते तीन गिरफ्तार

■ अन्य आरोपियों की धरपकड़ की जाएगी : संदीप कुमार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद**

अपराध शाखा डीएलएफ प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने आईपीएल मैच में सट्टा लगवाने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मोहित, अंकुर तथा दिनेश का नाम शामिल है। आरोपी मोहित दिल्ली के कालका, अंकुर फरीदाबाद के पल्ला तथा दिनेश चावला कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एसएलएफ माल, आईपी कॉलोनी से तीनों आरोपियों को सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के बीच खेले जा रहे आईपीएल मैच पर सट्टा लगवाते हुए काबू किया था। आरोपियों के कब्जे से मौके पर 6 मोबाइल फोन, 1 एलइडी टीवी तथा 1 रजिस्टर बरामद किया गया। आरोपियों को सेक्टर 31 थाने लाकर उसके खिलाफ जुआ अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई जिसमें आरोपियों ने बताया कि वह पैसों के लालच में आईपीएल मैच पर सट्टा लगवाते थे। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपियों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और मामले में शामिल अन्य आरोपियों की धरपकड़ की जाएगी।



फरीदाबाद। आईपीएल मैच पर सट्टा लगवाते तीन आरोपी अपराध शाखा डीएलएफ की गिरफ्त में।

### एक आरोपी दबोचा

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र कुमार की टीम ने आईपीएल मैच में सट्टा लगवाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम प्रकाश है जो फरीदाबाद के संत नगर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को सेक्टर 16 की मंडी के पास स्विफ्ट गाड़ी में आईपीएल मैच पर सट्टा लगवाते हुए काबू किया था। आरोपी के कब्जे से 13150 रूपए नगद, 1 मोबाईल और 1 गाड़ी बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 17 में जुआ अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

## बीबीए नियम के उल्लंघन के लिए वाटिका बिल्डर को लगाया जुर्माना

■ हरेरा कोर्ट ने कहा, अलॉटी को पजेशन मिलने तक ब्याज दो

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम**

हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (हरेरा) अदालत ने रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 की धारा 13 के तहत बिल्डर खरीदार समझौते (बीबीए) के प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए रियल एस्टेट प्रमोटर वाटिका लिमिटेड को जुर्माना लगाया। एसके अरोड़ा द्वारा पारित हरेरा कोर्ट के इस आदेश से पांच शिकायतकर्ताओं को बड़ी राहत मिली है।

आदेश में कहा गया प्राधिकरण वाटिका लिमिटेड के द्वारा अधिनियम 2016 की धारा 13 के उल्लंघन को स्थापित करता है और धारा 61 के तहत 1,00,000/- रुपये का जुर्माना लगाता है और इसके अलावा प्रमोटर को पंजीकृत खरीदार के समझौते को निष्पादित करने का निर्देश देता है। आदेश में यह भी कहा गया है कि 30 दिनों के भीतर वाटिका रियल एस्टेट विनियमन और विकास नियम 2017 में प्रदान किये गए मॉडल समझौता पर अमल करे, ऐसा न करने पर प्राधिकरण धारा 63 के तहत दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा।

ज्ञात हो कि धारा 13 में कहा गया है कि एक प्रमोटर किसी अपार्टमेंट, प्लॉट या भवन की कुल लागत का 10 प्रतिशत से अधिक राशि स्वीकार नहीं करेगा बिना लिखित समझौते में प्रवेश किए। आदेश में कहा गया है कि वाटिका लिमिटेड ने अदालत के 23.02.2024 के आदेश का पालन नहीं किया जिसके लिए अदालत वाटिका लिमिटेड को अधिनियम 2016 की धारा 63 के तहत 25000/- रुपये का जुर्माना लगाता है।ज्ञात हो कि वाटिका लिमिटेड से कोई वांछित राहत नहीं मिलने के बाद सभी पांच शिकायतकर्ता ने अक्टूबर 2022 में न्याय की मांग करते हुए रेरा कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। शिकायतकर्ताओं ने 2018 में वाटिका इंडिया नेक्स्ट प्रोजेक्ट में वाणिज्यिक इकाइयां बुक की थीं और बिल्डर खरीदार समझौते (बीबीए) को निष्पादित किए बिना प्रमोटर ने उनसे पूरा भुगतान करा लिया था। एक साल बाद, वाटिका ने उनकी सहमति के बिना उनकी इकाइयों को सेक्टर 16, गुरुग्राम में एक अलग प्रोजेक्ट वाटिका वन में स्थानांतरित कर दिया और यूनिट के आकार को 1000 वर्ग फुट के मूल आकार से घटाकर 500 वर्ग फुट कर दिया।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 6 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 |
| बेंगलोर | 7 | 1 | 6 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
361 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



यजुवेन्द्र चहल
11 विकेट
राजस्थान

# आईपीएल में इन गेंदबाजों ने किया है विराट कोहली को सबसे ज्यादा बार आउट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग में विराट कोहली के आंकड़े कमाल के हैं। वह इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। एक तरफ जहां उनकी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस लीग में अब तक एक भी ट्रॉफी नहीं जीत पाई है तो वहीं, कोहली के बल्ले से हमेशा रन निकले हैं। हालांकि, उन्हें कई गेंदबाजों ने परेशान भी किया है और जब-जब कोहली उनके सामने आए इन गेंदबाजों ने अधिकांश बार उन्हें पवेलियन पहुंचाया।





### संदीप सबसे ज्यादा 7 बार भेजा पवेलियन

राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने आईपीएल में सबसे ज्यादा बार कोहली को आउट किया है। उन्होंने 15 पारियों में 7 बार इस बल्लेबाज को पवेलियन भेजा है। संदीप ने 4 बार आरसीबी के पूर्व कप्तान को पॉवरप्ले के दौरान ही पवेलियन की राह दिखाई है। कोहली ने इस दौरान 67 गेंदों में 87 रन बनाए हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 129.85 की रही है। उनके बल्ले से 11 चौके और 1 छक्का निकला है।

### नेहरा ने 6 बार किया है कोहली को आउट

पूर्व तेज गेंदबाज और अभी गुजरात टाइटंस के मेंटर आशीष नेहरा ने आईपीएल में कोहली को



काफी परेशान किया है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 10 पारियों में 6 बार उन्हें पवेलियन की राह दिखाई है। कोहली इस खिलाड़ी के सामने 54 गेंदों में सिर्फ 60 रन ही बना पाए हैं। नेहरा आईपीएल में 5 टीमों के लिए खेलते हुए नजर आए हैं।

### बुमराह ने 5 बार भेजा पवेलियन

आईपीएल में मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कोहली को 16 पारियों में 5 बार आउट किया है। साल 2013 में बुमराह ने अपना पहला आईपीएल विकेट कोहली का ही लिया था। इस तेज गेंदबाज के खिलाफ कोहली ने 95 गेंद का सामना किया है और उनके बल्ले से 140 रन निकले हैं। बुमराह का आईपीएल में 100वां शिकार भी कोहली ही थे।

### शमी ने भी 5 बार किया आउट

गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोटिल होने के कारण आईपीएल 2024 नहीं खेल पा रहे हैं। कोहली को इस तेज गेंदबाज ने 12 पारियों में 5 बार पवेलियन की राह दिखाई है। शमी की बाहर जाती हुई स्विंग गेंदों ने कोहली को बहुत परेशान किया है। शमी के खिलाफ कोहली ने 77 गेंदों का सामना किया है और 107 रन बनाए हैं।

## आईपीएल: कोलकाता को 2 विकेट से दी मात

# नारायण पर भारी बटलर की पारी रॉयल्स ने नाइट राइडर्स को हराया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

जोस बटलर के नाबाद शतक की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में जोरदार वापसी करते हुए सुनील नारायण के पहले टी20 शतक पर पारी फेरा और कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। नाइट राइडर्स के 224 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम 13वें ओवर में छह विकेट पर 121 रन बनाकर संकट में थी लेकिन बटलर (60 गेंद में नाबाद 107 रन, नौ चौके, छह छक्के) के नाबाद शतक से अंतिम गेंद पर आठ विकेट पर 224 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। रियान पराग (34) और रोवमैन पावेल (26) ने भी उपयोगी पारियां खेली। नाइट राइडर्स की ओर से नारायण (30 रन पर दो विकेट), वरूण चक्रवर्ती (36 रन पर दो विकेट) और हर्षित राणा (45 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। नारायण ने इससे पहले ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 56 गेंद में छह छक्कों और 13 चौकों से 109 रन की पारी खेली जिससे नाइट राइडर्स ने छह विकेट पर 223 रन बनाए। उन्होंने अंगकृष रघुवंशी (30) के साथ दूसरे विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी की।



### गुजरात और दिल्ली के बीच भिड़ंत आज

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 32वें मैच में गुजरात टाइटंस का सामना दिल्ली कैपिटल्स से 17 अप्रैल को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। जीटी ने इस सीजन में 6 में से 3 मैच जीते हैं और फिलहाल अंक तालिका में छठे पायदान पर हैं। इसी तरह नौवें स्थान पर मौजूद डीसी ने 6 में से 2 मैचों में जीत दर्ज की हुई है। दोनों टीमों का एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन भी बड़ा रोमांचक रहा है। आईपीएल में अब तक दोनों टीमें कुल 3 मैचों में आपस में भिड़ी हैं, जिसमें से 2 मैच जीटी ने जीते हैं, जबकि 1 मैच डीसी ने अपने नाम किया है।

### कोलकाता-223/6 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फिल सॉल्ट का एवं बो आवेश | 10 |
| सुनील नारायण बो बोल्ट | 109 |
| रघुवंशी का अश्विन बो सेन | 30 |
| श्रेयष अय्यर पगबाधा बो चहल | 11 |
| आंद्रे रसेल का जुरेल बो आवेश | 13 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 20 |
| वेंकटेश का जुरेल बो सेन | 08 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 21
कुल:20 ओवर में छह विकेट पर: 223 रन
विकेट पतन: 1-21, 2-106, 3-133, 4-184, 5-195, 6-215
गेंदबाजी: बोल्ट 4-0-31-1, आवेश 4-0-35-2, सेन 4-0-46-2, चहल 4-0-54-1, अश्विन 4-0-49-0

### राजस्थान-224/8 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी का वेंकटेश बो अरोड़ा | 19 |
| जोस बटलर नाबाद | 107 |
| संजू का नारायण बो हर्षित | 12 |
| रियान पराग का रसेल बो हर्षित | 34 |
| ध्रुव जुरेल पगबाधा बो नारायण | 02 |
| रविचंद्रन का रघुवंशी बो चक्रवर्ती | 08 |
| शिमरोन का श्रेयस बो चक्रवर्ती | 00 |
| रोवमैन पगबाधा बो नारायण | 26 |
| ट्रेंट बोल्ट रन आउट | 00 |
| आवेश खान नाबाद | 00 |

अतिरिक्त: 16
कुल:20 ओवर में आठ विकेट पर: 224 रन
विकेट पतन: 1-22, 2-47, 3-97, 4-100, 5-121, 6-121, 7-178, 8-186
गेंदबाजी: स्टार्क 4-0-50-0, अरोड़ा 3-0-45-1, हर्षित 4-0-45-2, नारायण 4-0-30-2, चक्रवर्ती 4-0-36-2, रसेल 1-0-17-0

# गुकेश ने नेपोमनियाच्ची से ड्रा खेला, संयुक्त बढ़त बरकरार

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 10वें दौर में रूस के इयान नेपोमनियाच्ची से ड्रा खेलकर इस खिलाड़ी के साथ संयुक्त शीर्ष बढ़त कायम रखी। भारतीयों के बीच हुए मुकाबले में आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती ने भी अंक बांटे जबकि फैबियानो कारूआना ने फिरोजा अलीरेजा को और हिकारू नाकामूरा ने निजात अबासोव को पराजित किया। अब साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में महज चार राउंड बचे हैं। गुकेश और नेपोमनियाच्ची के समान छह छह अंक हैं जबकि प्रज्ञानानंदा, कारूआना और नाकामूरा इनसे आधा अंक पीछे हैं। गुजराती के छह अंक हैं, जिससे वह अकेले छठे स्थान पर काबिज हैं जबकि अलीरेजा 3.5 अंक और अबासोव दो अंक लेकर दौड़ से बाहर हो गये हैं। मंगलवार को आराम का दिन रहा जिससे मुकाबले आज बुधवार से शुरू होंगे।





## यूनान में प्रज्ज्वलित की गई पेरिस ओलंपिक मशाल

**पेरिस।** ओलंपिक में जलने वाली लौ दक्षिणी यूनान में प्राचीन खेलों के स्थल पर जलाई गई। बादलों के कारण मंगलवार को पारंपरिक तरीके से लौ जलाने के प्रयास विफल हो गए। पारंपरिक तरीके में चांदी की मशाल जलाने के लिए सूरज का इस्तेमाल किया जाता है जिसके लिए प्राचीन यूनान की पुजारिन की पोशाक पहने एक युवती हाथ में मशाल लिए रहती थी। मंगलवार को एक 'बैकअप लौ का उपयोग किया गया था जिसे सोमवार को अंतिम 'रिहर्सल के दौरान उसी स्थान पर जलाया गया था। मशाल को मशालधारियों की एक रिले द्वारा प्राचीन ओलंपिया के खंडहर मंदिरों और खेल मैदानों से ले जाया जाएगा। यूनान में रिले की 11 दिवसीय यात्रा एथेंस में पेरिस 2024 के आयोजकों को 26 अप्रैल को मशाल सौंपने के साथ समाप्त होगी।

## रहमान को दी 1 मई को मैच खेलने की मोहलत

**मुंबई।** ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली टीम चेन्नई सुपर किंग्स बेहतरीन फॉर्म में चेल रही है। टीम 6 में से 4 मैच जीतकर अंक तालिका में तीसरे नंबर पर है। इस बीच डिफेंडिंग चैंपियंस को अच्छी खबर मिली है। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान 1 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स के मुकाबले के लिए उपलब्ध होंगे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग के लिए उनकी छुट्टी एक दिन के लिए बढ़ा दी है। बाएं हाथ के गेंदबाज ने सीएसके के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 मैचों में 10 विकेट लिए हैं। बीसीबी ने पहले मुस्तफिजुर को आईपीएल के लिए 30 अप्रैल तक नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जारी किया था, लेकिन बोर्ड ने अब उन्हें अपने फ्रेंचाइजी के लिए एक और मैच खेलने के लिए एक और दिन रुकने की अनुमति दे दी है। मुस्तफिजुर को 30 अप्रैल के बाद वापस लौटना था इस मामले की जानकारी देते हुए बीसीबी अधिकारी ने कहा मुस्तफिजुर को 30 अप्रैल के बाद वापस लौटना था।

## कीवी टीम के प्रमुख खिलाड़ी खेल रहे आईपीएल में

# पाक-न्यूजीलैंड के बीच टी-20 सीरीज कल से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच गुरुवार 18 अप्रैल से 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेली जानी है। न्यूजीलैंड के कई प्रमुख खिलाड़ी इस समय इंडियन प्रीमियर लीग में हिस्सा ले रहे हैं और ऐसे में माइकल ब्रेसवेल की कप्तानी में टीम अपनी चुनौती पेश करेगी। दूसरी तरफ पाकिस्तान की कमान बाबर आजम संभालेंगे। दोनों टीमों के बीच हुए टी-20 क्रिकेट में दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन पाकिस्तान हमेशा न्यूजीलैंड पर हावी रही है।



### पाकिस्तान का पलड़ा रहा है भारी

दोनों देशों की टी-20 क्रिकेट में भिड़ंत की बात करें तो पाकिस्तान टीम का पलड़ा भारी रहा है। अब तक दोनों देशों के बीच कुल 39 टी-20 मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें से 21 पाकिस्तान ने जीते हैं, जबकि कीवी टीम 17 मुकाबले ही अपने नाम कर सकी है। इनके अलावा 1 मैच बेनतीजा रहा है। विशेष रूप से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले 6 में से 5 मैच जीते हैं। न्यूजीलैंड ने पाक धरती पर खेली है इकलौती टी-20 सीरीज पाकिस्तान की धरती पर न्यूजीलैंड ने 2 टी-20 जीते हैं और इतने में ही शिकस्त झेली है।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ–साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी :–

**01137/01138 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – बनारस – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01137 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01138 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 04:10 | -- |
| 20:00 | -- | बनारस | -- | 23:00 |

चलने की तिथि : 01137 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से दिनांक 21.04.2024 से 19.05.2024 (रविवार) तक एवं 01138 बनारस से दिनांक 22.04.2024 से 20.05.2024 (सोमवार) तक।
स्थान: 3 टियर वाता. एवं शयनयान।
ठहराव: दादर सेंट्रल, कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., इटारसी जं., जबलपुर जं., सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी एवं वाराणसी जं. स्टेशन।

**01169/01170 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – गोरखपुर जं. – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 12 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01169 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01170 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 00:20 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 23:45 | -- |
| 02:35 | 02:40 | लखनऊ जं. | 16:50 | 16:55 |
| 08:20 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 11:20 |

चलने की तिथि : 01169 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से दिनांक 19.04.2024 से 24.05.2024 (शुक्रवार) तक एवं 01170 गोरखपुर जं. से दिनांक 20.04.2024 से 25.05.2024 (शनिवार) तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दादर सेंट्रल, कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., इटारसी जं., भोपाल जं, बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल जं., लखनऊ जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

**01141/01142 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – बनारस – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01141 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01142 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 04:45 | -- |
| 20:00 | -- | बनारस | -- | 23:00 |

चलने की तिथि : 01141 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से (प्रत्येक सोमवार) दिनांक 22.04.2024 से 13.05.2024 तक एवं 01142 बनारस से (प्रत्येक मंगलवार) दिनांक 23.04.2024 से 14.05.2024 तक।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दादर सेंट्रल, कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., इटारसी जं., जबलपुर जं., सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी एवं वाराणसी जं. स्टेशन।

**01143/01144 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – गोरखपुर जं. – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01143 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01144 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 13:30 | -- |
| 16:30 | 16:40 | लखनऊ जं. | 08:55 | 09:00 |
| 23:30 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 03:30 |

चलने की तिथि : 01143 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से दिनांक 18.04.2024 से 16.05.2024 (गुरूवार) तक एवं 01144 गोरखपुर जं. से दिनांक 20.04.2024 से 18.05.2024 (शनिवार) तक।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दादर सेंट्रल, कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., इटारसी जं., भोपाल जं, बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल जं., लखनऊ जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

**01152 गोरखपुर जं. – पुणे जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01152 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| गोरखपुर जं. | -- | 18:20 |
| लखनऊ जं. | 23:50 | 23:55 |
| पुणे जं. | 06:40 | -- |

चलने की तिथि : 01152 गोरखपुर जं. से दिनांक 17.04.2024 (बुधवार) को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं अनारक्षित श्रेणी।
ठहराव: बस्ती, गोंडा जं., लखनऊ जं., कानपुर सेंट्रल जं., उरई, विरांगना लक्ष्मीबाई, बीना जं., भोपाल जं., इटारसी जं., खंडवा जं., भुसावल जं., मनमाड जं. कोपरगांव, अहमदनगर, दौंड कॉर्ड लाइन एवं हडपसर स्टेशन।

**01419/01420 पुणे जं. – गोरखपुर जं. – पुणे जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 6 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01419 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01420 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 06:30 | पुणे जं. | 06:40 | -- |
| 09:35 | 09:40 | लखनऊ जं. | 23:50 | 23:55 |
| 14:50 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 18:20 |

चलने की तिथि : 01419 पुणे जं. से दिनांक 20.04, 24.04 एवं 28.04.2024 को एवं 01420 गोरखपुर जं. से दिनांक 21.04, 25.04 एवं 29.04.2024 को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: हडपसर, दौंड जं., अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल जं., लखनऊ जं., गोंडा जं., एवं बस्ती स्टेशन।

**04123/04124 प्रयागराज जं. – मानिकपुर जं. – हज़रत निज़ामुद्दीन ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 38 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04123 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04124 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 14:30 | प्रयागराज जं. | 09:00 | -- |
| 11:10 | -- | हज़रत निज़ामुद्दीन | -- | 15:50 |

चलने की तिथि : 04123 प्रयागराज जं. से प्रत्येक रविवार एवं बुधवार दिनांक 28.04.2024 से 30.06.2024 तक एवं 04124 हज़रत निज़ामुद्दीन से प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार दिनांक 29.04.2024 से 01.07.2024 तक।
स्थान: 3 टियर वाता. एवं सामान्य।
ठहराव: शंकरगढ़, डमौरा, मानिकपुर जं., चित्रकूट धाम कर्वी, अतरी, बाँदा, महोबा जं., कुलपहाड़, हरपालपुर, मऊरानीपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई, ग्वालियर जं., धौलपुर जं., आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**09016 भागलपुर जं. – वलसाड (वाया गोरखपुर जं.) अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 01 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09016 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| वलसाड | 02:30 | -- |
| लखनऊ जं. | 00:30 | 00:40 |
| भागलपुर जं. | -- | 05:00 |

चलने की तिथि : 09016 भागलपुर जं. से दिनांक 19.04.2024 (शुक्रवार) को।
स्थान: सामान्य।
ठहराव: सुल्तानगंज, मुंगेर, बेगूसराय, बरौनी, समस्तीपुर, मुज़फ़्फ़रपुर जं., चकिया, बापूधाम मोतिहारी, सगौली जं., बेतिया, नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर, फ़र्रूखाबाद जं., मेनपुरी जं., शिकोहाबाद जं., टुंडला, आगरा फोर्ट, भरतपुर, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं, बडोदरा जं., भरुच जं., अंकलेश्वर जं., सायन, सूरत एवं उधना जं. स्टेशन।

**09403/09404 अहमदाबाद जं. – गोरखपुर जं. – अहमदाबाद जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 2 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 09403 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09404 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 09:00 | अहमदाबाद जं. | 20:40 | -- |
| 08:10 | 08:20 | लखनऊ जं. | 22:20 | 22:30 |
| 14:00 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 17:00 |

चलने की तिथि : 09403 अहमदाबाद जं. से दिनांक 17.04.2024 (बुधवार) को एवं 09404 गोरखपुर जं. से दिनांक 18.04.2024 (गुरूवार) को।
स्थान: सामान्य।
ठहराव: आनंद जं., छायापुरी, रतलाम जं., कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., भरतपुर जं., अछनेरा जं., आगरा फोर्ट, टूंडला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल जं., लखनऊ जं., बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

**01084 गोरखपुर जं. – लोकमान्य तिलक टर्मिनस अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01084 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| गोरखपुर जं. | 00:25 | -- |
| लखनऊ जं. | 19:45 | 19:55 |
| लोकमान्य तिलक टर्मिनस | -- | 15:30 |

चलने की तिथि : 01084 गोरखपुर जं. से दिनांक 18.04.2024 (गुरूवार) को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: बस्ती, गोंडा, बाराबंकी जं., लखनऊ जं., कानपुर सेंट्रल जं., उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई, बीना जं., भोपाल जं., इटारसी जं., खंडवा जं., भुसावल जं., जलगांव जं., मनमाड़ जं., नाशिक रोड, ईगतपुरी, कल्याण जं. एवं ठाणे स्टेशन।

**09617/09618 रेवाड़ी जं. – रोहतक जं. – रेवाड़ी जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 28 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 09617 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09618 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:55 | रेवाड़ी जं. | 04:15 | -- |
| 01:30 | -- | रोहतक जं. | -- | 02:35 |

चलने की तिथि : 09617 रेवाड़ी जं. से दिनांक 17.04.2024 से 30.04.2024 तक एवं 09618 रोहतक जं. से दिनांक 18.04.2024 से 01.05.2024 तक।
स्थान: सामान्य।
ठहराव: गोकलगढ़, पाल्हावास, माछरौली, झज्जर, डीघल एवं अस्थल बोहर स्टेशन।

**04137/04138 ग्वालियर जं. – बरौनी जं. – ग्वालियर जं. ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन) — 42 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04137 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04138 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 07:10 | ग्वालियर जं. | 10:20 | -- |
| 17:25 | 17:35 | लखनऊ जं. | 01:00 | 01:10 |
| 08:00 | -- | बरौनी जं. | -- | 09:30 |

चलने की तिथि : 04137 ग्वालियर जं. से दिनांक 21.04.2024 से 30.06.2024 (प्रत्येक रविवार एवं बुधवार) तक एवं 04138 बरौनी जं. से दिनांक 22.04.2024 से 01.07.2024 (प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार) तक।
स्थान: वाता. कुर्सीयान एवं सामान्य।
ठहराव: डबरा, दतिया, वीरांगना लक्ष्मीबाई, मोठ, एट जं., उरई, कालपी, पुखरायाँ, भीमसेन जं., कानपुर सेन्ट्रल जं., उन्नाव जं., लखनऊ जं., बाराबंकी जं., बुढ़वल जं., करनैल गंज, गोंडा जं., मनकापुर जं., बस्ती जं., गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., सीवान जं., छपरा जं., हाजीपुर जं., एवं शाहपुर पटोरी स्टेशन।

**04815/04816 जोधपुर जं. – मऊ जं. – जोधपुर जं. एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 22 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04815 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04816 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 17:30 | जोधपुर जं. | 08:55 | -- |
| 13:30 | 13:40 | लखनऊ जं. | 12:10 | 12:20 |
| 23:20 | -- | मऊ जं. | -- | 04:00 |

चलने की तिथि : 04815 जोधुपर जं. से दिनांक 21.04.2024 से 30.06.2024 (रविवार) तक एवं 04816 मऊ जं. से दिनांक 23.04.2024 से 02.07.2024 (मंगलवार) तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: पीपाड़ रोड जं., गोटन, मेड़ता रोड जं., रेन, डेगाना जं., मकराना जं., कूचामन सिटी, नावा सिटी, फुलेरा जं., जयपुर जं., गांधी नगर जयपुर,बाँदीकुई जं., भरतपुर जं., मथुरा जं., हाथरस सिटी, कासगंज जं., फ़र्रूखाबाद जं., कन्नौज, कानपुर अनवरगंज, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ जं., अयोध्या धाम जं., शाहगंज जं., खोरासन रोड, आज़मगढ़ एवं मुहम्मदाबाद स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि रेलगाड़ी संख्या 01079/01080 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – मऊ जं. – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. (साप्ताहिक) विशेष रेलगाड़ी छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से दिनांक 17.04.24, 24.04.24, 08.05.24 एवं 15.05.2024 को (4 फेरे) एवं मऊ से दिनांक 19.04.24, 26.04.24, 10.05.24 एवं 17.05.24 को (4 फेरे) चलने के दिनों में वृद्धि के साथ चलाई जाएंगी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# नक्सलवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई जरूरी

नक्सलवाद राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ बड़े एक्शन को अंजाम दिया है। यह सरकार की ओर से दो टूक संदेश है कि नक्सलवाद के खिलाफ अभियान नहीं रुकेंगे, चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ियों के बारे में नक्सली सोचे भी नहीं और नक्सलवाद के दिन गिने चुने ही बचे हैं। इस एक्शन से बस्तर जैसे नक्सली क्षेत्र में लोगों का डर कम होगा और लोग चुनाव में खुलकर भाग लेंगे। हाल ही में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार अगले तीन साल में नक्सलवाद का खात्मा कर देगी। ऐसे अभियान इसी संकल्प के फलित हैं। देश के नक्सल प्रभावित राज्यों में नक्सलियों के खिलाफ सरक्षा बलों के ऑपरेशन्स चलते रहते हैं। किसी भी मांग के लिए हिंसा का रास्ता सही नहीं हो सकता है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी का अहिंसक आंदोलन इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। लोकतांत्रिक प्रणाली में सुधार व बदलाव एक सतत प्रक्रिया है, यह सिस्टम में रहकर आसानी से किया जा सकता है, लेकिन परिवर्तन की यूटोपियाई कल्पना को साकार करने के लिए अंध हिंसा का मार्ग अंधकार के गर्त में ही ले जाएगा। अपने ही राष्ट्र के बेकसूर लोगों के खिलाफ हिंसा हमेशा अस्वीकार्य है। पश्चिंम बंगाल के दार्जीलिंग क्षेत्र के नक्सलबाड़ी से वर्ष 1967 में शुरू नक्सलवाद वर्ष 2024 तक एक आंदोलन समूह से हिंसक गुट में बदल चुका है। भारत करीब छह दशक से नक्सलवाद से प्रभावित है तो चार दशक से आतंकवाद से। नक्सलवाद के चलते सैकड़ों सुरक्षा बलों व बेकसूर नागरिकों की जान गई है। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में कांकेर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के संयुक्त दल ने नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई की है। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में पुलिस ने घोषणा की है कि जो लोग नक्सलियों की गिरफ्तारी या उनके मारे जाने में पुलिस की मदद करेंगे उन्हें आरक्षक के रूप में भर्ती किया जाएगा तथा पांच लाख रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। यह छत्तीसगढ़ सरकार की दृढ़ता को दर्शाता है। नक्सली 2017-18 से महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ (एमएमसी-जोन) के ट्राई-जंक्शन जंगल में अपना नया आधार स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें बालाघाट (मध्य प्रदेश), गोंदिया (महाराष्ट्र) और छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, मुंगेली और कबीरधाम जिले शामिल हैं। माओवादियों का 'विस्तार प्लाटून' एमएमसी जोन में अपनी गतिविधियों के विस्तार की देखरेख कर रहा है। आजकल देश में अर्बन नक्सलिज्म यानी शहरी नक्सलवाद जैसे शब्द भी चल रहे हैं, जो वैचारिक विरोध के अर्थ में वामपंथी विचारकों व नक्सलियों के प्रति सहानुभूति रखने वालों के लिए प्रयुक्त हो रहे हैं। देश में वर्ष 2004 से नक्सलवाद तीसरे चरण में हैं, प्रथम चरण- वर्ष 1967 से 1980 तक रहा, दूसरा चरण- वर्ष 1980 से 2004 तक का समय रहा। नक्सलवाद की विकटता को देखते हुए वर्ष 2006 में सरकार ने अलग प्रभाग बनाया। सरकार नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के एक्शन्स के साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, कौशल विकास, शिक्षा, ऊर्जा और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार पर काम कर रही है। वर्ष 2013 में रोजगार प्रशिक्षण के लिए रोशनी शुरू हुई, तो वर्ष 2017 में केंद्र सरकर ने आठ सूत्रीय 'समाधान' नाम से एक कार्ययोजना शुरु की। ऑपरेशन आल आउट चल रहे हैं। समर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास की व्यवस्था की जा रही है। मुट्ठी भर नक्सली देश-विदेशी मदद के जरिये सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बने हैं, इसलिए नक्सलवाद का खात्मा जरूरी है।

रामनवमी
अरविंद जयतिलक



# आदर्श समाज निर्माण का संदेश

बुधवार को रामनवमी है, प्रभु श्रीराम का अवतार दिवस। संसार के समस्त पदार्थों के बीज उनमें ही निहित है और वे संसार के सूत्रधार हैं। उन्हें वैदिक सनातन धर्म की आत्मा और परमात्मा कहा गया है। भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर मानव जाति को संदेश दिया कि सत्य और धर्म का अनुसरण कर जगत को आसुरी शक्तियों से मुक्त किया जा सकता है। सत्य के पर्याय भगवान श्रीराम सद्गुणों के भंडार हैं, इसीलिए भारतीय जनमानस उनकी जीवन पद्धति को अपना उच्च आदर्श मानता है। शास्त्रों में भगवान श्रीराम को लोक कल्याण का पथप्रदर्शक और विष्णु के दस अवतारों में से सातवां अवतार कहा गया है। वाल्मीकि कृत रामायण और तुलसीकृत रामचरितमानस में भगवान श्रीराम की महिमा और उनके आदर्शों का गुणगान किया गया है। उनके उपदेशों और आचरण को जगतकल्याण का मार्ग बताया गया है। वे दुष्टों के संधारक और संतों के रक्षक हैं। उन्होंने दुष्टों का संहार कर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की और लोकमंगल के कार्य किए। भगवान श्री राम का जीवनकाल एवं पराक्रम महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित संस्कृत महाकाव्य रामायण के रूप में लिखा गया है। महान संत तुलसीदास ने भी भगवान श्रीराम पर भक्ति काव्य रामचरितमानस की रचना की है जो केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के कई देशों की कई भाषाओं में अनुदित है। संसार भी भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम मानता है। वे एक आदर्श भाई, आदर्श स्वामी और प्रजा के लिए नीति कुशल व न्यायप्रिय राजा हैं। भगवान श्रीराम का रामराज्य जगत प्रसिद्ध है। हिंदू सनातन संस्कृति में भगवान श्रीराम द्वारा किया गया आदर्श शासन ही रामराज्य के नाम से प्रसिद्ध है। आज भी शासन की विधा के तौर पर रामराज्य को ही उत्कृष्ट माना जाता है। संसार भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम मानता है। इसलिए कि उन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सत्य और मर्यादा का पालन करना नहीं छोड़ा। पिता का आदेश मान वन गए। भगवान श्रीराम ने मर्यादा के पालन के लिए राज्य, मित्र, माता-पिता और यहां तक कि पत्नी का भी साथ छोड़ा। राम रघुकुल में जन्मे थे जिसकी परंपरा 'रघुकुल रीति सदा चलि आई, प्राण जाई पर बचन न जाई' की थी। उन्होंने अपने पराक्रम से दंडक वन को राक्षस विहिन किया और साधु-संतों की सेवा की। उन्होंने गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या का उद्धार किया तथा पराई स्त्री पर कुदृष्टि रखने वाले बालि का संहार कर संसार को स्त्रियों के प्रति संवेदनशील होने की सीख दी। जंगल में रहने वाली शबरी माता को नवधा भक्ति का ज्ञान दिया। उन्होंने नवधा भक्ति के जरिये दुनिया को अपनी महिमा से सुपरिचित कराया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुझे वही प्रिय हैं जो संतों का संग करते हैं। उन्होंने शबरी को यह भी समझाया कि मेरे दर्शन का परम अनुपम फल यह है कि जीव अपने सहज स्वरुप को प्राप्त हो जाता है। भगवान श्रीराम सभी प्राणियों के लिए संवेदनशील थे। भगवान श्रीराम और वानरराज सुग्रीव की मित्रता आदर्श मित्रता का अनुपम उदाहरण है। पवनपुत्र हनुमान भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हैं। उन्होंने कहा है कि-कुलीन न होते हुए भी भगवान श्रीराम ने मुझ जैसे सभी गुणों से हीन जीव को अपनाया। अधम प्राणी जटायु को पिता तुल्य स्नेह प्रदान कर जीव से जंतुओं के प्रति मानवीय आचरण को भलीभांति निरूपित किया। समुद्र पर सेतु बांधकर वैज्ञानिकता और तकनीकी की अनुपम मिसाल कायम की। उन्होंने समुद्र के अनुनय-विनय पर निकट बसे खलमंडली का संहार किया। पत्नी सीता के हरण के बाद भी अपना धैर्य नहीं खोया। असुरराज रावण को सत्य और धर्म के मार्ग पर लाने के लिए हरसंभव प्रयास किया। उसे समझाने के लिए हनुमान और अंगद को उसके पास लंका भेजा, लेकिन रावण को यह सब रास नहीं आया। स्वयं उसके भाई विभीषण ने माता सीता को प्रभु श्रीराम को सौंपने के लिए अनुनय-विनय किया, लेकिन रावण माता सीता को वापस करने के लिए तैयार नहीं हुआ। उल्टे उसने विभीषण को अपमानित कर लंका से निर्वासित कर दिया। विभीषण भगवान श्रीराम के शरणागत हुए। अंततः प्रभु श्रीराम ने असुरराज रावण का वध कर पृथ्वी को उसके अत्याचारों से मुक्त किया। वे लंका का राज्य विभीषण को सौंपकर माता जानकी के साथ अयोध्या लौट आए। सही अर्थों में इन लीलाओं के जरिये भगवान श्रीराम ने एक पुत्र, पिता, पति, भाई और एक राजा के तौर पर जगत को संदेश दिया कि एक आदर्श, निष्पक्ष और बंधुतापूर्ण आचरण के जरिये ही एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज का निर्माण संभव है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



रामनवमी विशेष
प्रभात झा

**राम के बिना इस भारतवर्ष की कोई कल्पना नहीं की जा सकती। आज के पंकिल कुहासे को नष्ट करने के लिए भगवान श्रीराम जैसे चन्दन चर्चित चरित्र में अवगाहन की महती आवश्यकता मानवता को है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम समस्त भारतीय साधना और ज्ञान-परम्परा के वागद्वार हैं, जिनका दृढ़चरित्र लोक-मर्यादा के कठोर अंकुश से अनुशासित है और जो जन-जन के मन को आप्लावित कर सकता है, जो संपूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी है। भगवान श्री राम का जन्मोत्सव चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। इस बार भगवान श्रीराम का जन्मोत्स्व अयोध्या के नव निर्मित दिव्य एवं भव्य मंदिर में मनाया जाएगा।**

# जब तक सृष्टि तब तक राम की दृष्टि

रामायण में वर्णन है-महर्षि वाल्मीकि ने मुनिश्रेष्ठ नारद से पूछा, "भगवन! इस समय इस संसार में गुणी, शूरवीर, धर्मयज्ञ, सत्यवादी और दृढ़- प्रतिज्ञ कौन है? सदाचारी, सब प्राणियों का हित करने वाला, प्रियदर्शन, धैर्ययुक्त तथा काम-क्रोधादि शत्रुओं को जीतनेवाला कौन है? मुझे यह जानने की प्रबल अभिलाषा है। महर्षि ! आप इस प्रकार के श्रेष्ठ पुरुष के जानने में समर्थ हैं, अतः मुझे बताइये।" महर्षि वाल्मीकि के ऐसा पूछने पर मुनिश्रेष्ठ नारद ने कहा, महर्षि! आपने जिन गुणों का वर्णन किया है वे बहुत, श्रेष्ठ और दुर्लभ हैं तथा उन सबका एक ही व्यक्ति में मिलना कठिन है, फिर भी आप द्वारा पूछे सभी गुणों से युक्त एक व्यक्ति हैं जो इक्ष्वाकु वंश में उत्पन्न हुए हैं और 'राम' नाम से जगदविख्यात हैं। वे अति बलवान, धैर्ययुक्त, जितेंद्रिय, बुद्धिमान प्रियवक्ता, शत्रुघ्नों के नाशक, धर्म के जानने वाले, सत्यवादी, प्राणियों के हित में तत्पर, वेदों के ज्ञाता, धनुर्वेद में कुशल,आर्य, प्रियदर्शन, गम्भीरता में समुद्र के समान, धेयं में हिमालय के सदृश, पराक्रम में विष्णु के तुल्य, क्रोध में कालाग्नि जैसे, क्षमा में पृथ्वी सम, दान करने में कुबेर और सत्य बोलने में दूसरे धर्म के समान हैं।"

रामायण में वर्णन के अनुसार, त्रेता युग में सूर्य देव के पुत्र वंशज महाराज इक्ष्वाकु के कुलमें अयोध्यापुरी के राजा दशरथ के पुत्र के रूप में विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम का जन्म हुआ था। राजा दशरथ की तीन पत्नियां थी- कौशल्या, सुमित्रा तथा कैकेयी। अयोध्या के सूर्यवंशी राजा दशरथ को चौथेपन तक तीन रानियां होते हुए भी संतान प्राप्ति नहीं हुई। दुःखी सम्राट दशरथ जब अपनी यह अंतर्वेदना गुरु वशिष्ठ से कही तो उन्होंने श्रृंगी ऋषि को बुलाकर पुत्रकामेष्टि यज्ञ कराया। वशिष्ठ जी ने यज्ञ पश्चात खीर दशरथ जी को समर्पित की और राजा ने सभी रानियों को बुलाकर वह खीर वितरित की जिसका सेवन कर सभी रानियां गर्भवती हुईं और राजा दशरथ को चार पुत्रों का सुख प्राप्त हुआ। वाल्मीकि रामायण में ऋषि लिखते हैं, जिस समय महा कान्ति वाले राजा दशरथ जी पुत्रेष्टि यज्ञ करने लगे, उसी समय विष्णु भगवान ने पुत्र बनकर उनके यहां अवतार लेने का निश्चय कर लिया। इस प्रकार भगवान श्री राम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था।

भगवान श्री राम जन्म प्रसंग को रामचरितमानस के बालकांड में गोस्वामी तुलसीदासजी ने वर्णन किया है- भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौसल्या हितकारी। हरषित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी॥ अर्थात दीनों पर दया करने वाले, माता कौशल्या के हितकारी प्रगट हुए हैं। मुनियों के मन को हरने वाले भगवान के अदभुत रूप का विचार कर माता कौशल्या हर्ष से भर गई। गोस्वामी जी आगे वर्ण करते हैं-लोचन अभिरामा तनु घनस्यामा निज आयुध भुजचारी। भूषन बनमाला नयन बिसाला सोभा सिंधु खरारी॥ अर्थात प्रभु के दर्शन नेत्रों को आनंद देने वाले हैं, उनका शरीर मेघों के समान श्याम रंग का है तथा उन्होंने अपनी चारों भुजाओं में आयुध धारण किए हैं, दिव्य आभूषण और वन माला धारण की हैं। प्रभु के नेत्र बहुत ही सुंदर और



विशाल है। इस प्रकार शोभा के समुद्र और खर नामक राक्षक का वध करने वाले भगवान प्रकट हुए हैं। राम शब्द का शाब्दिक अर्थ होता है वह जो रोम रोम में बसे। श्रीरामस्त्रोत्र में वर्णन है- लोकाभिरामं रणरंगधीरं राजीवनेत्रं रघुवंशनाथम। कारुण्यरूपं करुणाकरंतं श्रीरामचंद्रं शरणं प्रपद्ये अर्थात लोकों के आकर्षक, युद्ध में साहसी, राजीव(कमल) नेत्र वाले, रघुवंश के नाथ, कारुण्य स्वरूप, दयामयी हृदय वाले, ऐसे श्री राम चंद्र की शरण में हम आश्रय लेते हैं। यदि हम सामाजिक, ऐतिहासिक आदि रूपों से देखेंगे तब भी यह परिभाषा सर्वथा उपयुक्त बैठती है। इतिहास का कोई पृष्ठ नहीं जहां राम का प्रभाव न हो, समाज का कोई वर्ग नहीं जो राम भक्ति से अछूता हो। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम भारतीय जनमानस में बसते हैं। यहां पिछले सहस्त्रों वर्षों से आजतक जनता यदि किसी आदर्श शासनतंत्र को जानती है तो वो है रामराज्य। यदि कोई जिज्ञासावश जानना चाहे कि रामराज्य के इतने सहस्त्राब्दियों के बाद भी क्यों सब के इतने सहस्त्राब्दियों के बाद भी क्यों सब रामराज्य चाहते हैं तो उत्तर आता है करुणानिधान भगवान श्री राम की महानता।

भगवान श्री राम अपने गुणों की वजह से ही मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। उन्होंने दया, सत्य, सदाचार, मर्यादा, करुणा और धर्म का पालन किया। भगवान राम ने समाज के लोगों के सामने सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया था। इसी कारण से उनको मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। भगवान श्रीराम की महानता अथाह है। उनके अद्वितीय शौर्य एवं पराक्रम से उन्होने यज्ञरक्षा कर ऋषियों को भयहीन किया, उनका अनुपम बल ही खर, दूषण आदि का काल बना, वे ही शील के मूर्त स्वरूप है। धनुष भंग करने का सामर्थ्य होनेपर भी वा सभा मे शांति से बैठे थे और गुरुआज्ञा मिलने पर ही गए, पितृभक्ति ऐसी की पिता का वचन कभी मिथ्या न होने दिए भले स्वयं कष्ट सहे, त्याग ऐसा कि जब कुछ ही समय मे राजतिलक होना था तब भी वल्कल पहनकर वनगमन करने मे संकोच नहीं किया, ज्ञान वेद शास्त्रादि अनेक ग्रंथों का, मातृभूमि के प्रति प्रेम इतना कि अपनी जन्मभूमि अयोध्या नगरी के बारे मे कभी बुरे शब्द सुनना तक नहीं सहा, धर्म परायण ऐसे जो साधुओं का दुःख सुनकर बोल उठे"निशिचर हीन करहु महि, भुज उठाए पन कीन्ह।" भारत के संविधान की मूल प्रति मे दीनदयाल भगवान के चित्र हैं। गांधी जी भी भगवान श्रीराम से ही प्रेरणा पाते थे और भारत मे रामराज्य चाहते थे। स्वामी रामानंद जैसे महान समाज सुधारक संत ने भी समाजिक पतन को रोकने के लिए रामनाम की महिमा का ही प्रयोग किया था। भगवान राम से प्रेरणा पाकर लोग समाजसेवा मे अत्यधिक योगदान करते हैं। आज भी भगवान राम की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। हिंदू जनमानस के लिए भगवान राम की प्रासंगिकता उतनी ही है जितनी सागर में जल की, वनों में वृक्ष की अथवा ज्ञानी पुरुषों में विनम्रता की होती है। राम सबके लिए इस भारतवर्ष के पवित्र भूमि के हर कण में व्याप्त है। राम के बिना इस भारतवर्ष की कोई कल्पना नहीं की जा सकती। आज के पंकिल कुहासे को नष्ट करने के लिए भगवान श्रीराम जैसे चन्दन चर्चित चरित्र में अवगाहन की महती आवश्यकता मानवता को है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम समस्त भारतीय साधना और ज्ञान-परम्परा के वागद्वार हैं, जिनका दृढ़चरित्र लोक-मर्यादा के कठोर अंकुश से अनुशासित है और जो जन-जन के मन को 'रस विशेष से आप्लावित कर सकता है, जो संपूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी है। भगवान श्री राम का जन्मोत्सव चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। उनके जन्मोत्सव को संपूर्ण भारतवर्ष में राम नवमी के रूप में मनाई जाती है। इस वर्ष की राम नवमी विशेष है। 500 साल के बाद ऐसी रामनवमी आएगी जब भगवान श्रीराम का जन्मोत्स्व अयोध्या के नव निर्मित दिव्य एवं भव्य मंदिर में मनाया जाएगा।

(लेखक भाजपा नेता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# आनंद आपके भीतर, खोजने की जरूरत नहीं



संकलित
## दर्शन

कल्पना क्या है और सच्चाई क्या है! इसे समझने के लिए आपकी जड़ का मजबूत होना जरूरी है। सारी कल्पनाएं आपके अंदर हैं। यह कल्पना नहीं है, यह सच है। कल्पना में डूबना बड़ा आसान है, सच्चाई को जानना बहुत मुश्किल है। जिसको आप खोज रहे हैं, वह आपके अंदर है। उसे जानिए, पहचानिए, उसके साथ थोड़ा समय बिताइए, क्योंकि उसमें सबकुछ है। जो आपके भीतर है, वह है शांति। किसी चीज का न होना शांति नहीं है। किसी चीज का होना शांति है। जब मनुष्य खुद को जानेगा, खुद को समझेगा, तब उसके जीवन में शांति होगी। जैसे भोजन खा लेने पर भूख खत्म होती है, उसी प्रकार खुद को जान लेने पर तृष्णा मिट जाती है। शांति मिल जाती है। सोचें कि यह शरीर आपको क्यों मिला है? जिन तत्त्वों से शरीर बना है, वे सारे तत्त्व वहीं वापस चले जाएंगे जहां से ये आये थे। जिस तरह पानी, पानी में मिल जाता है। सारी चीजें प्रकृति में घुल जाएंगी। क्या समझते हैं आप कि जब बच्चा पैदा होता है तो इस धरती का वजन बढ़ता है! या जब कोई मर जाता है तो इस धरती का वजन कम होता है! वजन न तो बढ़ता है न कम होता है। क्योंकि जिन चीजों से आप बने हुए हैं वे तो अभी यही हैं। परंतु क्या आपने उस चीज को जाना, समझा जो आपके शरीर के अंदर है? इसे जान गए, पहचान गए, फिर आनंद ही आनंद है। आपका नाम आपके शरीर का नाम है। नाम कमाने से क्या होगा। नाम नहीं, ज्ञान कमाइये। आनंद कमाइए। ये आप अपने साथ ले जा सकते हैं।

# ईर्ष्यालु व्यक्ति, संपन्नता नहीं देख सकता



संकलित
## प्रेरणा

एक महिला कुबड़ी थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कन्या पूजा का महत्त्व

भारत सारी दुनिया में देवभूमि के लिए प्रसिद्ध है। हमारा देश ही मात्र एक ऐसा देश है, जहां पर नवरात्र मनाया जाता हैं और कन्या पूजन होता है। लेकिन जब इसी देश में कन्या भ्रूण हत्या सामाजिक बुराई की खबरें सुनने को मिलती हैं, तो हर सभ्य और भारत की संस्कृति का अनुसरण करने वाला व्यक्ति यह सोचने पर मजबूर हो जाता है कि क्या भारत वही है जहां पर नवरात्र में कन्या पूजन होता है? दुर्गा माता पूजा-पाठ से कम और इनसान के अच्छे कर्मों से ज्यादा खुश होती हैं। नवरात्र में कुछ लोग व्रत रखकर कन्या पूजन करते हैं, लेकिन उनमें से ही कुछ लोग लड़कियों के प्रति घटिया सोच रखते हैं, नफरत करते हैं। हमें बेटियों को पूरा सम्मान देना चाहिए, तभी हमारा समाज सभ्य कहलाएगा। *- रमेश पाठक, महासमुंद*

## करंट अफेयर

# इस्कॉन वृन्दावन में कृष्ण का 70 मंजिला मंदिर बनाएगा

इस्कॉन के एक शीर्ष पदाधिकारी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश के वृंदावन में भगवान श्री कृष्ण का गगनचुंबी मंदिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय संस्कृति के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा और भारत में पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। ग्लोबल हरे कृष्णा मूवमेंट के उपाध्यक्ष और इस्कॉन बैंगलोर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंचलपति दास ने एक साक्षात्कार में कहा कि आध्यात्मिकता के लिए कोई टूटा-फूटा बुनियादी ढांचा नहीं हो सकता और मंदिर हमेशा जर्जर स्थिति में नहीं रह सकते। वृन्दावन हेरिटेज टॉवर 70 मंजिल ऊंचा और 210 मीटर होगा, जो आठ करोड़ अमरीकी डालर की लागत से बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, ' 'इस बारे में मैं आपको एक और उदाहरण देता हूं। हमारे माननीय प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) ने एक बयान में कहा है कि विदेशों में रह रहे भारतीय प्रवासियों से एक आह्वान कर रहे हैं। कृपया अमेरिका से पांच अमेरिकियों को भारत लाएं और उन्हें भारत दिखाएं। जब आप उन्हें भारत लाएंगे तो निश्चित रूप से जो कोई भी दुनिया के किसी भी हिस्से से भारत आता है तो वह आध्यात्मिकता की तलाश में होता है।



## ऑफ बीट

# जलवायु परिवर्तन से समुद्री जल हो सकता है जल्द ठंडा

समुद्र के गर्म होने के प्रभाव गहरे और अच्छी तरह से प्रलेखित हैं। लेकिन कभी-कभी हवाओं और समुद्री धाराओं के पैटर्न में बदलाव के कारण समुद्री जल अचानक ठंडा हो जाता है। इस दौरान पानी की सतह का तापमान तेजी से गिर सकता है - एक या दो दिन में 10 * सी या इससे अधिक। जब ये स्थितियाँ कई दिनों या हफ्तों तक बनी रहती हैं, तो क्षेत्र में 'शीत लहर' का अनुभव होता है, जो अधिक प्रचलित समुद्री हीटवेव के विपरीत है। मार्च 2021 में दक्षिण अफ्रीका के दक्षिण-पूर्वी तट पर एक 'हत्यारी शीत लहर' प्रकट हुई और इसने कम से कम 81 प्रजातियों के सैकड़ों जानवरों को मार डाला। इससे भी अधिक चिंता की बात यह थी कि इन मरने वाले जीवों में पहले से ही असुरक्षित मंटा रे और यहां तक कि कुख्यात मजबूत प्रवासी बुल शार्क भी शामिल थे। दक्षिण अफ्रीका में, विशेष रूप से पिछले 15 वर्षों में ऐसी आकस्मिक ठंड की घटनाओं के कारण बुल शार्क, व्हेल शार्क और मंटा रे पहले भी मर चुकी हैं। जैसा कि हम नेचर क्लाइमेट चेंज में रिपोर्ट करते हैं, पिछले चार दशकों में ऐसी स्थितियाँ तेजी से आम हो गई हैं जो इन विनाशकारी शीतलहरों को उत्पन्न कर सकती हैं।



## ट्रेंड

### अवसरों से समृद्ध भारत



मैं उन लोगों को बताना चाहता हूं जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा में अपेक्षित सफलता नहीं मिली- असफलताएं कठिन हो सकती हैं, लेकिन याद रखें, यह आपकी यात्रा का अंत नहीं है। भारत ऐसे अवसरों से समृद्ध है जहां आपकी प्रतिभा चमक सकती है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भगवान के सृजन का उदाहरण



अनेक अनुपम, नयनाभिराम दृश्य, घटना, वैविध्यताओं से परिपूर्ण यह जगत परमात्मा की कलात्मक सृजन का श्रेष्ठ उदाहरण है। सुंदर और श्रेष्ठ सृजन में सहायक मानवीय मनोभावों की अनुपम उद्दाप्त और आह्लादकारी अभिव्यक्ति ही कला है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### रिकॉर्ड तोड़ बेरोज़गारी



रिकॉर्ड तोड़ बेरोज़गारी, कमरतोड़ महंगाई, कर्ज़ के बोझ और सरकार के दमन से शहीद होते किसानऔर दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार 'इलेक्टोरल बॉन्ड'! इन सभी 'क्षुधावर्धक' का स्वाद चख चुकी जनता से नरेंद्र मोदी कह रहे हैं कि 2047 में वह 'मेन कोर्स' खिलाएंगे।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### निधन पर दुःख हुआ



कन्नड़ फिल्म उद्योग के दिग्गज अभिनेता द्वारकीश सर के निधन से गहरा दुख हुआ। उनकी फिल्में देखकर बड़ा हुआ हूं। फिल्म जगत में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा

-अनिल कुंबले, क्रिकेटर

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




# ...चुनावी अभियान जोरों पर : मतदाताओं को लुभाने के लिए जोर आजमाइश, देशभर में घूम-घूम कर रहे रोड शो और रैलियां

## असम में प्रियंका गांधी बोलीं- भाजपा बदलना चाहती है देश का संविधान



**जोरहाट (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम के जोरहाट में रोड शो और रैली की। प्रियंका ने कहा कि भाजपा तीसरी बार सरकार बनाकर देश का संविधान बदलना चाहती है। ऐसा हुआ तो आम लोगों के अधिकार छीन लिए जाएंगे। प्रियंका ने कहा- विधानसभा चुनाव के दौरान मैंने आपलोगों से वादा किया था कि कांग्रेस की सरकार बनी तो चाय बागान के मजदूरों की मजदूरी बढ़ा दी जाएगी। हमारे मेनिफेस्टो में भी इसका जिक्र है।

### महंगाई व बेरोजगारी पर नहीं बोलते पीएम

प्रियंका ने कहा कि पीएम महंगाई और बेरोजगारी पर कुछ नहीं बोलते। देश में बेरोजगारी अपने उच्चतम स्तर पर है लेकिन प्रधानमंत्री ने अपने हालिया इंटरव्यू में इसका केवल दो बार जिक्र किया वो भी मन की बात के नाम पर। उन्होंने कहा कि अगर आप महंगाई पर कंट्रोल चाहते हैं तो कांग्रेस को वोट दें। जाति और धर्म के नाम पर वोट देने का कोई मतलब नहीं है।

## तमिलनाडु में बोले राजनाथ-द्रमुक ने भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं किया



**कृष्णागिरि (तमिलनाडु)।** भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक से पूछा कि उसने 'परिवार का शासन देने और भ्रष्टाचार' के अलावा राज्य के लिए क्या किया है। रक्षा मंत्री सिंह ने आरोप लगाया कि द्रमुक भ्रष्टाचार मुक्त और विकासोन्मुखी सरकार देने में सक्षम नहीं है और उसका तथा सहयोगी दल कांग्रेस का एकमात्र उद्देश्य केंद्र की सत्ता पर काबिज होना है। उन्होंने यहां सी नरसिम्हन के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित किया।

### द्रमुक कहती है परिवार प्रथम

उन्होंने कहा, ''मैं द्रमुक से पूछना चाहता हूं कि आपने तमिलनाडु को क्या दिया है? उसने परिवार का शासन और भ्रष्टाचार दिया है। भाजपा कहती है कि राष्ट्र प्रथम, वहीं द्रमुक कहती है परिवार प्रथम।'' सिंह ने कहा कि मोदी समाज कल्याण या राजनीति में शुचिता के मुद्दे पर सी राजगोपालाचारी, के कामराज से प्रेरित हैं।

## केरल में बोले राहुल- पीएम मोदी कुछ अमीर लोगों की कठपुतली



**कोझिकोड़/वायनाड (केरल) (भाषा)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए उनपर देश के चुनिंदा अमीर उद्योगपतियों की मदद करने का आरोप लगाया। गांधी ने चुनावी बॉण्ड मुद्दे पर भी मोदी पर हमला बोलते हुए इसे जबरन वसूली का एक रूप बताया। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत में पांच-छह बड़े अमीर उद्योगपतियों की कठपुतली हैं।

### एजेंसियों का कर रहे दुरुपयोग

धन वसूली के लिए सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल किया गया। गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा, ''हर छोटे शहर या गांव में कुछ लोग होते हैं जो सड़कों पर शारीरिक नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर पैसे वसूलते हैं। मलयालम में आप इस जबरन वसूली को 'कोल्ला आदिक्कल' कहते हैं।

## राजस्थान में बोलीं निर्मला-कांग्रेस चुनावी वादे करके भूल जाने में माहिर



**जयपुर (भाषा)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि सिर्फ चुनाव के लिए वादे करके जनता को गुमराह करना और वोट लेकर भूल जाने में कांग्रेस माहिर है। उन्होंने कहा कि महंगाई कम करने के लिए केंद्र सरकार ने लगातार कदम उठाए हैं। सिर्फ चुनाव के लिए कोई वादा करना, जनता को गुमराह करना, वोट लेना और उसके बाद भूल जाना, इसमें कांग्रेस पार्टी माहिर है।'

### ओपीएस को लेकर साधा निशाना

केंद्रीय वित्त मंत्री ने सरकारी कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना (एनपीएस) की जगह पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने के लिए भी राजस्थान की गत अशोक गहलोत सरकार पर निशाना साधकर कहा कि पिछली सरकार ने नामुमकिन तरह का वादा किया, लेकिन जब लागू करने की कोशिश की तो उसकी पार्टी के ही लोगों ने विरोध किया।

**चुनाव आयोग का आदेश**

## रणदीप सुरजेवाला 48 घंटे तक चुनाव प्रचार नहीं कर सकेंगे



हेमा मालिनी पर टिप्पणी करना पड़ रहा भारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने हेमा मालिनी पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला पर 48 घंटे के लिए प्रचार करने पर रोक लगा दी है। सुरजेवाला ने एक कार्यक्रम में कहा था- जनता हमें विधायक और सांसद इसलिए बनाते हैं, ताकि उनकी आवाज संसद में उठा सकें। आप हमें इसलिए चुनते हैं, ताकि हम लोग आपकी सेवा कर सकें। हम कोई हेमा मालिनी तो हैं नहीं। हम कोई फिल्म स्टार तो हैं नहीं। हम तो हेमा मालिनी का भी सम्मान करते हैं, क्योंकि उन्होंने धर्मेंद्र के यहां शादी कर रखी है। वो बहू हैं हमारी। ये लोग कोई फिल्म स्टार तो हो सकते हैं।

**40 स्टार प्रचारक**

## आप की गुजरात के लिए लिस्ट जारी जेल में बंद केजरीवाल का नाम भी



**नई दिल्ली (भाषा)।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन का नाम गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है। ये सभी नेता जेल में बंद हैं। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी उन 40 स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं, जिनके नाम पार्टी ने निर्वाचन आयोग को सौंपे हैं। सूची में अन्य प्रमुख नाम आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, राघव चड्ढा और संदीप पाठक के हैं।

**03 उम्मीदवार और घोषित**

## कांग्रेस ने झारखंड में निशिकांत दुबे के खिलाफ दीपिका पांडेय को उतारा



**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने मंगलवार को झारखंड की तीन और लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार घोषित किए, जिनमें प्रमुख नाम विधायक दीपिका पांडेय सिंह का है, जिन्हें गोड्डा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ टिकट दिया गया है। पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची के अनुसार, गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह, चतरा से कृष्णानंद त्रिपाठी और धनबाद से अनुपमा सिंह को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

**नामांकन**



मैनपुरी सीट से सपा उम्मीदवार डिंपल यादव ने नामांकन भरा।



ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी में नामांकन दाखिल किया।



कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने राजगढ़ सीट से नामांकन भरा

**पीएम मोदी की बालुरघाट में चुनावी रैली, तृणमूल कांग्रेस पर बोला तीखा हमला**

# तृणमूल घुसपैठियों को संरक्षण देती लेकिन सीएए का विरोध करती है : मोदी

## संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध से पूरा देश डरा हुआ है

**बालुरघाट (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है, लेकिन शरणार्थियों को नागरिकता देने वाले कानून 'सीएए' का विरोध कर रही है। मोदी ने बालुरघाट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल को गुंडों और घुसपैठियों को ''पट्टे'' पर दे दिया है। प्रधानमंत्री ने राज्य में रामनवमी समारोह का कथित तौर पर विरोध करने के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल की आलोचना की और कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले को ''सच्चाई की जीत'' करार दिया, जिसमें विश्व हिंदू परिषद (विहिप) को हावड़ा में शोभायात्रा निकालने की अनुमति दी गई थी। मोदी ने कहा, ''इस साल का रामनवमी समारोह थोड़ा अलग है क्योंकि रामलला अयोध्या में अपने घर लौट आए हैं।



### टीएमसी ने संदेशखालि में दोषियों को बचाने की कोशिश

पीएम ने हमला बोलते हुए कहा कि उच्च न्यायालय ने सोमवार को विहिप को हावड़ा शहर में रामनवमी पर शोभायात्रा निकालने की अनुमति दे दी थी। साथ ही अदालत ने यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ शर्तें भी लगाई थीं कि कार्यक्रम बिना तनाव के संपन्न हो सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाओं से पूरा देश स्तब्ध है। उन्होंने कहा, ''देश ने देखा है कि कैसे टीएमसी सरकार ने संदेशखालि में दोषियों को बचाने की कोशिश की।'' संदेशखालि में हाल में महिलाओं ने कुछ टीएमसी नेताओं पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। प्रधानमंत्री ने कहा, ''राज्य में भ्रष्टाचार और अपराध बड़े पैमाने पर हैं।

- पश्चिम बंगाल में दलित, आदिवासी व गरीबों को अपनी मर्जी के मुताबिक घूमने की आजादी नहीं
- रामनवमी समारोह का भी किया था विरोध
- मोदी की गारंटी से राज्य को अब लाभ मिलेगा, जनता का विकास होगा

### राज्य को घुसपैठियों और गुंडों को पट्टे पर दे दिया

ऐसा लगता है कि टीएमसी ने राज्य को घुसपैठियों और गुंडों को पट्टे पर दे दिया है।'' मोदी ने कहा, ''पश्चिम बंगाल सरकार घुसपैठियों को बचाती है, लेकिन नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का विरोध करती है, जो शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान करता है। ऐसे अभियानों से गुमराह न हों। वे निहित राजनीतिक हितों के लिए झूठ और अफवाहों का सहारा लेते हैं।'' मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में सीएए लागू नहीं होने देने का संकल्प जताया है। मोदी ने आरोप लगाया, ''टीएमसी शासन में बंगाल भ्रष्ट व्यक्तियों और जबरन वसूली करने वालों के लिए 'स्वर्ग' बन गया है।'' प्रधानमंत्री ने राज्य में भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ कथित हिंसा का मुद्दा भी उठाया और टीएमसी पर ''डराने और धमकाने'' की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया, ''बंगाल में लगभग रोजाना भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है।

**ममता का पीएम पर पलटवार**

## पीएम पहले खुद आईना देखें उनकी पार्टी में डकैत भरे पड़े



**जलपाईगुड़ी/सिलीगुड़ी (भाषा)।** पश्चिम बंगाल में केंद्रीय दलों द्वारा की गई भ्रष्टाचार संबंधी जांच पर श्वेतपत्र जारी करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पहले खुद आईना देखना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए बनर्जी ने दावा किया कि उसके नेताओं को बंगालियों, उनकी संस्कृति, धार्मिक रीति-रिवाज और खानपान की जानकारी नहीं है और इस वजह से उन्होंने मछली खाने की आलोचना की। उन्होंने कहा, ''भाजपा ने बंगाल में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए करीब 300 केंद्रीय दलों को भेजा था लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला। अब प्रधानमंत्री मोदी को बंगाल की जनता को जवाब देना होगा कि मनरेगा की धनराशि का क्या हुआ? गरीब लोगों ने योजना के तहत काम किया लेकिन उन्हें भुगतान नहीं किया गया।'' बनर्जी ने कहा, ''प्रधानमंत्री कहते हैं कि तृणमूल कांग्रेस भ्रष्ट पार्टी है। पहले उन्हें आईना देखना चाहिए। उनकी पार्टी में डकैत भरे पड़े हैं।'



**अमित शाह का वादा**

## भाजपा आरक्षण न हटाएगी, न हटाने देगी

**देहरादून (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आरक्षण का सबसे बड़ा समर्थक बताते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जोर देकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश से आरक्षण को न हटाएगी और न हटाने देगी। पौड़ी गढ़वाल संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के समर्थन में पौड़ी जिले के कोटद्वार में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस देश में झूठ फैला रही है कि अगर भाजपा को 400 सीट मिली तो आरक्षण चला जाएगा। उन्होंने कहा, ''अरे, (कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन) खरगे साहब झूठ काहे को बोल रहे हो। 10 साल से हमारे पास पूर्ण बहुमत है। मोदी जी आरक्षण के सबसे बड़े समर्थक हैं। भाजपा यह सुनिश्चित करेगी कि आरक्षण चाहे आदिवासी का हो, दलित का या अन्य पिपड़ा वर्ग (ओबीसी) का हो, न उसे हटाएंगे, न हटाने देंगे।'' शाह ने कहा कि भाजपा को 400 सीट इसलिए चाहिए, क्योंकि पिछली बार जब जनता ने उसे 300 से ज्यादा सीट दी तो उसने अनुच्छेद 370 और तीन तलाक हटा दिया।

# हॉट सीट छिंदवाड़ा : दांव पर लगी भाजपा की प्रतिष्ठा

**कांग्रेस के सामने होगी अपने परंपारिक गढ़ को बचाने की चुनौती**

ओ.पी. पाल ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा लोकसभा सीट ऐसी है, जिसे भाजपा एक उपचुनाव को छोड़कर आज तक नहीं जीत सकी है। इसलिए भाजपा ने इस बार प्रतिष्ठा को दांव पर लगाते हुए छिंदवाड़ा लोकसभा सीट पर पूरी ताकत झोंक दी है। दरअसल पिछले चुनाव में भाजपा ने मध्य प्रदेश की 29 में से 28 सीटों पर भगवा लहराया था, लेकिन छिंदवाड़ा सीट पर कांग्रेस के चक्रव्यूह को नहीं भेद सकी थी। इसलिए इस बार भाजपा की नई रणनीति के साथ छिंदवाड़ा सीट पर सियासी घेराबंदी की वजह से लोकसभा चुनाव दिलचस्प मोड़ पर है। फिर भी कांग्रेस का गढ़ के रुप में चर्चित इस सीट पर कांग्रेस दिग्गज कमलनाथ के परिवार से छीनना भाजपा के लिए इतना आसान नहीं है, जहां पांच दशक से ज्यादा समय तक इसी परिवार का दबदबा रहा है। हालांकि इस बार कांग्रेस को भी इस सीट पर अपने वर्चस्व को कायम रखने के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

### मतदान केंद्रों पर सुरक्षा

इस लोकसभा सीट पर मतदान के लिए छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिलों में सात विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1939 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें से जुन्नारदेव में 272, अमरवाड़ा में 332, चौरई में 272, सौंसर में 253, छिंदवाड़ा में 311, परासिया में 245 तथा पांढुर्णा में 254 मतदान केंद्र स्थापित किये गये हैं। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए मतदान केंद्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबंधों की व्यवस्था की है।



### पहले चरण में 19 अप्रैल को होगा मतदान

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को जिन छह संसदीय पर मतदान होना है। उनमें सबसे महत्वपूर्ण सीट छिंदवाड़ा है, जिस पर सब की नजर है। इसी सीट को लेकर लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस अलग अलग दावे सामने आ रहे हैं। खासतौर से छिंदवाड़ा लोकसभा सीट भाजपा के दिग्गजों और स्टार प्रचारकों के कई कई बार दौरे करने के अलावा उनके इसी सीट पर पड़ाव को देखते हुए कांग्रेस भी इस कड़े मुकाबले में अपना अस्तित्व बचाती नजर आ रही है। राज्य की यह लोकसभा सीट ऐसी है, जहां आजादी के बाद से 1997 के उपचुनाव को छोड़कर अभी तक कांग्रेस अपराजित रही है। केवल 1997 के उपचुनाव में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा ने भाजपा को जीत का स्वाद चखाया था। खास बात ये है कि छिंदवाड़ा लोकसभा पर पांच दशक से ज्यादा समय तक कांग्रेस दिग्गज नेता कमलनाथ के परिवार का ही राज रहा है। इसमें कमलनाथ नौ बार, उनकी पत्नी अलका नाथ और पुत्र नकुलनाथ एक-एक बार कांग्रेस के टिकट पर सांसद रहे हैं। पहले चरण में चुनाव लड़ रहे करोड़पतियों की सूची में सबसे अमीर प्रत्याशियों में शामिल एवं मौजूदा सांसद नकुलनाथ एक बार फिर इस सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी है, जिसे टक्कर देने के लिए भाजपा ने तेजतर्रार विवेक बंटी साहू को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर सभी राजनैतिज्ञों की नजरें इसलिए भी टिंकी है, कि दोनों प्रत्याशियों के बीच आरोप प्रत्यारोप के दौर ने ज्यादा जोर पकड़ा हुआ है।

### मतदाताओं का चक्रव्यूह

छिंदवाड़ा लोकसभा सीट पर पहले चरण के 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव में 16,32,190 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें 8,24,449 पुरूष, 8,07,726 महिला और 15 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। इस सीट पर 85 साल से अधिक आयु के 7630 बुजुर्ग और 24246 दिव्यांग मतदाताओं के अलावा 2531 सर्विस मतदाता भी पंजीकृत हैं। इस सीट के अंतर्गत सात विधानसभा क्षेत्रों में से जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र में 225356, अमरवाड़ा में 257580, चौरई में 219728, सौंसर में 211081, छिंदवाड़ा में 284043, परासिया में 218999, तथा पांढुर्णा विधानसभा क्षेत्र में 215403 मतदाता वोटिंग करेंगे। छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत 85 वर्ष से अधिक आयु के और दिव्यांग मतदाताओं में से 1293 ने घर से मतदान करने का आवेदन किया था, जिनमें से 5 से 7 अप्रैल तक शुरु की गई प्रक्रिया में 1265 मतदाताओं ने वोटिंग की है। बाकी बचे मतदाताओं के लिए 14 अप्रैल को होम वोटिंग के लिए मतदान दल उनके घर पहुंचेंगे।

**यह देखना रोचक रहेगा कि भाजपा छिंदवाड़ा में कमलनाथ परिवार का तिलिस्म तोड़ने में सफल रहती है या फिर कांग्रेस प्रत्याशी नकुलनाथ परिवार की सियासी साख को बचा लेते हैं। इसका फैसला तो चुनाव के नतीजों के बाद ही सामने आएगा।**

### भाजपा को अबकी बार जीत की आस

भाजपा का दावा है कि मध्य प्रदेश में छिंदवाड़ा प्रधानमंत्री की गारंटीयों का सबसे बड़ा गढ़ बन चुका है। इसके पीछे एक कारण यह भी है कि राज्य के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बहुमत की सरकार बनाई है। वहीं छिंदवाड़ा लोकसभा सीट पर पिछले 2019 के चुनाव में कांग्रेस के नकुलनाथ केवल 37 हजार वोटों से जीते थे। जबकि कांग्रेस इस सीट पर लाखों मतों के अंतर से जीतती आई है। इसलिए भाजपा का दावा है कि भाजपा के कामकाज की वजह से कांग्रेस का जनाधार कम होता जा रहा है। वहीं प्रदेश में विधायकों समेत कमलनाथ के कई करीबी नेताओं को कांग्रेस से मोह भंग होना भी भाजपा की जीत का कारण बनेगा। इसलिए इस बार मध्य प्रदेश में भाजपा सभी सीटे जीतकर आएगी।

| | |
|---|---|
| 16,32,190 | -मतदाता |
| 8,24,449 | -पुरुष, |
| 8,07,726 | -महिला |
| 15 | -ट्रांसजेंडर |
| 2531 | -सर्विस |

### सामाजिक तानाबाना

छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र मध्य प्रदेश के दक्षिणी क्षेत्र में है, जहां करीब 76 फीसदी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। इसलिए इस क्षेत्र में सर्वाधिक 37.82 फीसदी अनुसूचित जनजाति के मतदाता हैं। जबकि 12.11 फीसदी अनुसूचित जाति और मुस्लिम मतदाताओं की संख्या बहुत कम है।




# इसरो का दुनिया में बजा डंका, हल्का कार्बन नोजल बनाकर रॉकेट इंजन की तकनीक में हासिल हुई बहुत बड़ी कामयाबी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर पूरी दुनिया में अपनी सफलता और मेहनत का डंका बजाया है। उसने रॉकेट इंजनों के लिए हल्का नोजल तैयार किया है। इसरो ने मंगलवार को कहा कि उसने रॉकेट इंजनों के लिए हल्के कार्बन-कार्बन (सी-सी) नोजल को सफलतापूर्वक विकसित किया है, जो रॉकेट इंजन तकनीक में एक नई पहल है। इसरो ने कहा है कि हल्के नोजल से अब रॉकेट की पेलोड क्षमता में बढ़ोत्तरी हो सकेगी। इसरो ने एक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है।

### ...अब रॉकेट की पेलोड क्षमता बढ़ाई जा सकेगी

#### रॉकेट इंजनों के मापदंडों को बढ़ावा

इसरो के मुताबिक, यह नवाचार तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) द्वारा तैयार किया गया है। इसके जरिए रॉकेट इंजनों के महत्वपूर्ण मापदंडों को बढ़ावा मिल सकेगा। इसमें थ्रस्ट लेवल, स्पेशिफिक इम्पल्स और थ्रस्ट एवं वजन अनुपात शामिल है। इसरो के मुताबिक इन बदलावों से रॉकेट की पेलोड क्षमता में वृद्धि होगी।



#### विशेष एंटी-ऑक्सीडेशन कोटिंग की

विज्ञप्ति में कहा गया है कि सी-सी नोजल की एक प्रमुख विशेषता इसकी सिलिकॉन कार्बाइड की विशेष एंटी-ऑक्सीडेशन कोटिंग है, जो ऑक्सीडायजिंग वातावरण में इसकी परिचालन सीमा को बढ़ाती है। इसरो के अनुसार, यह नवाचार न केवल थर्मल प्रेरित तनाव को कम करेगा बल्कि रॉकेट लॉन्चिंग के दौरान होने वाली कोरिजन अवरोध को भी बढ़ाएगा, जिससे प्रतिकूल वातावरण में विस्तारित परिचालन तापमान सीमा को सहने की शक्ति मिल सकेगी।

#### ऊंचे तापमान पर टिका रहेगा

अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा है कि नोजल डायवर्जेंट बनाने के लिए कार्बन-कार्बन (सी-सी) कंपोजिट जैसी उन्नत सामग्रियों का इस्तेमाल किया गया है जो असाधारण गुण प्रदान करते हैं। इसमें कहा गया है कि हरे कंपोजिट के कार्बोनाइजेशन, रासायनिक वाष्प और उच्च तापमान उपचार जैसी प्रक्रियाओं का उपयोग करके, इसने कम घनत्व, उच्च विशिष्ट शक्ति और उत्कृष्ट कठोरता के साथ एक नोजल तैयार किया है, जो ऊंचे तापमान पर भी यांत्रिक गुणों को बनाए रखने में सक्षम है।

# लकी ड्रा में खुली पाठकों की किस्मत कार, फ्रीज और टीवी मिले पुरस्कार



- हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना में हजारों पाठकों ने लिया हिस्सा
- ड्रा से निकाले गए पाठकों के नाम, हजारों को मिलेगा पुरस्कार

रायपुर (हरिभूमि न्यूज)। हरिभूमि समाचार पत्र खबरों के साथ पाठकों के लिए समय-समय पर पुरस्कार योजनाएं भी लाता है, जिसमें हरिभूमि के पाठकों को इनाम दिए जाते हैं। ऐसी ही पाठक पुरस्कार योजना का मंगलवार को हरिभूमि कार्यालय में लकी ड्रा निकाला गया। ड्रा में हजारों की संख्या में पाठक के कूपन फॉर्मेट कार्यालय में प्राप्त हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में खन्ना न्यूज एजेंसी, रायपुर के सेनापति खन्ना व सुमित ग्रुप के डॉयरेक्टर नमित कांकरिया व राजेश पब्लिसिटी, रायपुर की डॉयरेक्टर इंदिरा जैन एवं हरिभूमि के महाप्रबंधक अनिल गहलावत, हरिभूमि के समन्वय संपादक ब्रह्मवीर सिंह, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, महाप्रबंधक अनंत राम साहू व हरिभूमि के मार्केटिंग मैनेजर संजय बनवासी व आईएनएच के मार्केटिंग मैनेजर आदर्श श्रीवास्तव की उपस्थिति में लकी ड्रा से एक-एक कर इनामों के कूपन से पाठकों का नाम निकाला गया। इस लकी ड्रा में निकले विजेताओं को हरिभूमि द्वारा कार फ्रीज, टीवी, इंडक्शन कुकर, मिक्सर ग्राइंडर, रूम हीटर, कैटल बॉक्स सहित संत्वाना पुरस्कार दिए जाएंगे।

### हजारों पाठकों ने लिया हिस्सा

पाठकों को हरिभूमि पुरस्कार योजना का बेसब्री से इंतजार रहता है। यही वजह रही कि हरिभूमि की पाठक पुरस्कार योजना को लेकर पाठकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आकर्षक इनाम प्राप्त करने के लिए हजारों पाठकों ने नाम व पता सहित कूपन हरिभूमि कार्यालय में जमा किया था। अतिथियों के समक्ष लकी ड्रॉ में नाम निकालने के साथ इनाम घोषित करने की पूरी प्रक्रिया हरिभूमि में पूरी पारदर्शिता के साथ पूरी की गई। कार्यालय में पाठकों के एक-एक कूपन को टेबल पर रखा गया था, जिसके बाद अतिथियों ने खुद से ढूंढकर कूपन निकाला।

### रायपुर के पाठक को मिली कार

पुरस्कार योजना में प्रथम पुरस्कार कार थी। लकी ड्रा में अरविन्द ठाकुर पिता राम दुलारे ठाकुर, जंघेल प्लाजा, मंडी गेट, पंडरी, रायपुर नाम का कूपन निकाला गया। द्वितीय पुरस्कार एलईडी टीवी 4 नग शारदा जायसवाल, ज्वाली नाला, तेलीपारा रोड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ व रामचंद्र प्रजापति सुपुत्र श्री कृष्ण पाल प्रजापति, आदर्श नगर, हिसार, हरियाणा, भीषम कुमार नगरची पिता प्रेमसिंग नगरची, देवगांव, छुइहा बेलर (छग) व दिनेश कुमार वर्मा पिता राधेश्याम वर्मा, गोकुल नगर, रायपुर (छग) का नाम लकी ड्रा में निकला है।

## मॉब लिंचिंग के शिकार और गो-रक्षकों पर कार्रवाई को लेकर सुनवाई

याचिकाकर्ता को ही अदालत ने फटकारा

# कन्हैयालाल की हत्या को क्या कहोगे? केस में सिलेक्टिव होने की जरूरत नहीं

### अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न वाली अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट का तीखा सवाल



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मॉब लिंचिंग के शिकार अल्पसंख्यक पीड़ितों के परिवार को मदद मुहैया करवाने और गोरक्षकों पर कार्रवाई को लेकर एक सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को ही लताड़ लगा दी। याचिकाकर्ता वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी कि मॉब लिंचिंग का शिकार हुए अल्पसंख्यकों तो तत्काल वित्तीय मदद दी जाए और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। सुनवाई कर रही जस्टिस बीआर गवाई, जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने याचिकाकर्ता वकीलों से कहा कि उदयपुर में दिन दहाड़े मार दिए जाने वाले टेलर कन्हैया लाल के मामले में क्या कहना है?कोर्ट ने वकीलों को फटकारते हुए कहा कि इस मामले को लेकर इस तरह सिलेक्टिव होने की जरूरत नहीं है। याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश हुए वकील निजाम पाशा से सुप्रीम कोर्ट ने कहा,कन्हैया लाल का क्या हुआ जिनकी लिंचिंग की गई थी। उन्होंने कहा कि आप किसी राज्य या धर्म विशेष को लेकर सिलेक्टिव नहीं हो सकते। कन्हैया लाल की बेरहमी से उनकी दुकान में ही गला काटकर हत्या कर दी गई थी।

#### जस्टिस गवई ने कहा

### झुग्गी-झोपड़ियों में भी पढ़ा व्यक्ति बन सकता है जज



सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई ने सोमवार को एक बार फिर से उन्होंने समाज में हासिए पर रहने वाले समुदाय को लेकर अपनी बात रखी। जस्टिस गवई ने कहा कि हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लोगों को अपनी आवाज खोजने और समाज में अपनी पहचान बनाने में भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बीआर आंबेडकर का महत्वपूर्ण योगदान है। इस दौरान उन्होंने आंबेडकर की प्रशंसा भी की। जस्टिस गवई ने कहा कि देश के लिए डॉ. ऑंडकर के योगदान का मतलब था कि झुग्गी-झोपड़ियों के स्कूलों में पढ़ने वाला व्यक्ति भी सुप्रीम कोर्ट का जज बन सकता है।

### वकील तय करें अर्जी सिलेक्टिव न हो

इस मामले में वकील अर्चना पाठक ने कहा कि यह केवल मुस्लिमों की लिंचिंग के बारे में है। आखिर कोई इतना सिलेक्टिव कैसे हो सकता है। किसी भी राष्ट्र को सभी धर्मों के लोगों की रक्षा करना चाहिए। वहीं वकील पाशा ने कहा कि केवल मुस्लिमों की लिंचिंग हो रही है और यह फैक्ट है। कोर्ट ने कहा कि आपको सुनिश्चित करना चाहिए कि याचिका सिलेक्टिव न हो। जस्टिस गवाई ने वकील पाशा से कहा कि आपको इस बात को लेकर गंभीर रहना चाहिए कि कोर्ट के सामने क्या पेश किया जा रहा है। कोर्ट ने इस मामले को गर्मी की छुट्टियों के बाद के लिए पोस्टपोन कर दिया है। अब 7 जुलाई के बाद मामले की सुनवाई की जाएगी।

### महिला ने मांगा 50 लाख मुआवजा, हाईकोर्ट भड़का

**मुंबई।** महिला महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले की एक महिला कंचन हामशेट्टे ने बॉम्बे हाई कोर्ट में राज्य सरकार की बेरुखी के बाद एक याचिका दायर की थी। उसका कहना था कि उसके पति की मौत कोरोनाकाल में ड्यूटी के दौरान कोरोना की चपेट में आने के चलते हुई थी। महिला ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा उस वक्त के ऐलान के मुताबिक पति की मौत पर 50 लाख की मांग उठाई थी। महिला की यह याचिका बॉम्बे हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए यह तक कह दिया कि यह मुआवजा कोई इनाम नहीं है।बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ में जस्टिस रवींद्र घुगे और जस्टिस आर एम जोशी शामिल थे। पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार का रुख गलत नहीं है। अदालत की इस टिप्पणी से मुआवजा मांग रही महिला को करारा झटका लगा है। उन्होंने पति की कोरोना में ड्यूटी के दौरान मौत पर 50 लाख का मुआवजा मांगने वाली अर्ज दी थी।

- कोर्ट ने कहा यह कोई इनाम नहीं

### वकीलों को फटकार लगाई

*कोर्ट ने वकीलों को फटकारते हुए कहा कि इस मामले को लेकर इस तरह सिलेक्टिव होने की जरूरत नहीं है। याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश हुए वकील निजाम पाशा से सुप्रीम कोर्ट ने कहा, राजस्थान के टेलर कन्हैया लाल का क्या हुआ जिनकी लिंचिंग की गई थी। उन्होंने कहा कि आप किसी राज्य या धर्म विशेष को लेकर सिलेक्टिव नहीं हो सकते। पूर्व भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बयान का समर्थन करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट करने के बाद कन्हैयालाल की बेरहमी से उनकी दुकान में ही गला काटकर हत्या कर दी गई थी।*

# रुचिरा की दो टूक-विस्तार बिना यूएनएससी अधूरा



**न्यूयॉर्क ।** भारत ने सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग को एक बार फिर जोरदार तरीके से उठाया है। भारत ने मंगलवार को सुरक्षा परिषद सुधार पर निर्णायक कार्रवाई का आह्वान करते हुए एक समावेशी ढांचे का समर्थन किया जो वास्तव में आज के गतिशील वैश्विक परिदृश्य का प्रतिनिधित्व करे। न्यूयॉर्क में सुरक्षा परिषद सुधार पर अंतर-सरकारी वार्ता के छठे दौर के दौरान संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कांबोज ने ये मांग उठाई। कांबोज ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सदस्यता के विस्तार के पक्ष में है। स्थायी और गैर-स्थायी, दोनों श्रेणियों के विस्तार की जरूरत है। कांबोज ने कहा कि हमारा मानना है कि सुरक्षा परिषद में वास्तविक सुधार लाने के लिए इसका विस्तार जरूरी है।




## 10 व्यस्तम हवाई अड्डों में शामिल दिल्ली एयरपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट वर्ष 2023 के लिए दुनिया के सबसे 10 व्यस्ततम हवाई अड्डों की सूची में शामिल किया गया है। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) वर्ल्ड की ओर से जारी सूची के मुताबिक आईजीआई दसवें पायदान पर है।

## गुजरात से दो गिरफ्तार, पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया

**भुज।** मुंबई में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर कथित तौर पर गोलीबारी करने वाले एक व्यक्ति समेत दो लोगों को गुजरात से गिरफ्तार कर मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) और शस्त्र अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। कच्छ-पश्चिम के उप महानिरीक्षक महेंद्र बागड़िया ने बताया कि बिहार के पश्चिम चंपारन के रहने वाले हैं।

- सलमान के घर के बाहर गोलाबारी मामला

### लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने भेजा था

बागड़िया ने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पाल और गुप्ता दोनों को जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने सलमान के घर पर गोलीबारी करने के लिए कहा था। उन्होंने बताया कि सागर ने खान के घर पर गोलीबारी की जबकि गुप्ता गिरोह के सदस्यों के संपर्क में था। पकड़े जाने के बाद आरोपियों को कच्छ में दयापार थाने लाया गया, और फिर मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया क्योंकि शिकायत वहां दर्ज हुई थी।

## किसिंग बग से हर साल 12 हजार लोगों की मौत

**वॉशिंगटन।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया भर में हर साल चागास से 12 हजार लोगों की मौत हो जाती है। चागास रोग परजीवी ट्रिपैनोसोमा क्रूजी के कारण होने वाली एक बीमारी है। इस कीड़े को ट्रायटोमाइन या किसिंग बग भी कहते हैं जो पैरासाइट को इंसानों के शरीर तक पहुंचाता है।

## इजराइल की तैयारी पर ईरान की बड़ी धमकी

# ऐसे हथियार चलेंगे, जो अब तक नहीं चले, बस कुछ सेकंड लगेंगे

एजेंसी ▶▶ तेहरान

इजराइल की ईरान पर हमले की तैयारी के बीच ईरान ने धमकी दी है कि यदि ऐसी हिमाकत इजराइल ने की तो फिर जवाब में ऐसे हथियार इस्तेमाल होंगे, जो अब तक नहीं किए गए। ईरान की इस धमकी को परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से जोड़ा जा रहा है। ईरान ने कहा कि यदि इजराइल ने अटैक किया तो फिर हमारी कार्रवाई में सेकेंड भर की भी देर नहीं होगी।

बता दें, इजराइल के सैन्य प्रमुख लेफ्टिनेंट हर्जी हलेवी ने सोमवार को बताया कि इजराइल अपने अगले कदमों पर विचार कर रहा है, लेकिन यह तय है कि ईरान के हमले का जवाब दिया जाएगा। हलेवी ने इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया। सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हैगारी ने कहा कि हम जो समय चुनेंगे, उस वक्त इजराइल हमला करेगा।

### खास बातें

- ईरान ने सीमाओं पर तैनात की मिसाइलें
- संयुक्त राष्ट्र ने दोनों देशों से शांति बरतने की अपील की



### तगड़ा होगा जवाब

ईरान के उप-विदेश मंत्री अली बघेरी कान ने कहा कि ऐसा कुछ भी हुआ तो ईरान की ओर से जवाब देने में कुछ सेकेंड ही लगेंगे। यही नहीं हमारा जवाब भी इस बार तगड़ा होगा और ऐसे हथियार इस्तेमाल किए जांगे, जो अब तक नहीं किए गए। इजराइल की हरकतों को देखते हुए ईरान पहले से ही तैयार है और उसने अपनी सीमाओं पर खतरनाक हथियारों की तैनाती कर दी है। इनमें मारक मिसाइलें शामिल हैं।

### परमाणु स्थलों को निशाना बना सकता है इजराइल

इजराइल की धमकी के बाद संयुक्त राष्ट्र ने दोनों देशों से शांति बरतने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी समिति को अब ईरान की परमाणु सुविधा की चिंता हो रही है। संयुक्त राष्ट्र इस बात से चिंतित है कि इजराइल, ईरान की परमाणु स्थानों को निशाना बना सकता है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ईरानी परमाणु सुविधाओं का मंगलवार से फिर निरीक्षण शुरू करेगी। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने कहा कि ईरान ने 'सुरक्षा कारणों' से रविवार को अपनी परमाणु सुविधाएं बंद कर दी थी। सोमवार को फिर से खोली गई है, जिसके बाद उम्मीद है कि आईएईए के निरीक्षक ईरानी परमाणु सुविधा का निरीक्षण करेंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25